यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द. 48, सं. 1 VOL.XXXXVIII NO. 1, मुंबई जनवरी-मार्च, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गृह पत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन धारा UNION DHARA

जनवरी-मार्च, 2023 January-March, 2023

प्रकाशन तिथि : 30.05.2023

अनुक्रमणिका Contents

- परिदृश्य 3
- हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं 4
- संपादकीय 5
- विश्व कैंसर दिवस क्लोज़ द केयर गैप 6-8
- म्यूचुअल फंड में निवेश 9-10
- Financial Investment - A Perspective 11-12
- Popular Titbits of Financial World 13
- काव्यधारा 14-15
- Climate Risk and Sustainable Finance 16-18
- स्वर्ण आभूषण के बदले ऋण संबंधी अनुपालन 19-20
- Team Building Skills 21-22
- साहित्य जगत से : प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार - गोपालदास "नीरज" 23
- प्रतियोगिता 165 / प्रतियोगिता परिणाम 164 24
- Increasing Dominance of the Indian Rupee In International Markets 25-26
- Currency: A Journey Through Ages 27-28
- Digital Transformation & Our Bank's Initiatives 29-30
- समय की कीमत 31
- प्रधान मंत्री आवास योजना से सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव 32-33
- Role of AI & ML in Banking 34
- Insolvency Resolution and Bankruptcy Process Against Personal Guarantors 35-37
- सेंटर स्प्रेड 38-39
- Indian National Flag 40
- Konark Sun Temple, Odisha 41-42
- शिखर की ओर / शुभमस्तु 43-44
- Face in UBI Crowd - Meet Beauty with Brain and Golden Heart - Mrs Priyanka Khanna 45-46
- शिक्षा का बाजारीकरण 47
- The Goldfish Theory 48
- जलवायु परिवर्तन से जूझती धरती 49
- Mobile Banking Apps 50-51
- हमें गर्व है 52
- Samuel Hahnemann - Father of Homeopathy 53
- बाबू जी / भारतीय संस्कृति में समन्वय 54
- Empower Her To Fly 55
- उद्यमिता का नया दौर : महिला उद्यमिता 56-57
- Going Green: The Future of Sustainable Finance 58-59
- Kintsugi 60
- व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पहलू 61
- समाचार दर्शन 62-73
- हेल्थ टिप्स / व्यंजन 74
- आपकी पाती 75
- बैक कवर 76

संरक्षक Patron

ए. मणिमेखलै A. Manimekhalai
एमडी एवं सीईओ MD&CEO

प्रधान संपादक Chief Editor

लाल सिंह Lal singh
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
Chief General Manager (HR)

संपादकीय सलाहकार Editorial Advisors

ए. के. विनोद A. K. Vinod
मुख्य महाप्रबंधक Chief General Manager

शैलेश कुमार सिंह Shailesh Kumar Singh
मुख्य महाप्रबंधक Chief General Manager

योगेंद्र सिंह Yogendra Singh
मुख्य महाप्रबंधक Chief General Manager

रामजीत सिंह Ramjeet Singh
सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा)
Asst. General Manager (OL)

संपादक Editor

गायत्री रवि किरण Gayathri Ravi Kiran
मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) Chief Manager (OL)

Printed and Published by GAYATHRI RAVI KIRAN on behalf of Union Bank of India and printed at UCHITHA GRAPHICS PRINTERS PVT. LTD., 65, Ideal Ind. Estate, Mathuradas Mill Compund, S.B. Marg, lower Parel, Mumbai- 400013 and published at Union Bank Bhawan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai- 400021.

E-mail: uniondhara@unionbankofindia.bank
gayathri.ravikiran@unionbankofindia.bank

Tel.: 022-41829288 | Mob.: 9849615496

इस गृह पत्रिका में प्रकाशित लेख आदि में व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं और प्रबंधन का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.

The views expressed in the articles published in this house magazine are solely that of the author and do not necessarily reflect the views of the management.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आंतरिक परिचालन हेतु प्रकाशित.

Published by Union Bank of India for internal circulation

परिदृश्य
PERSPECTIVE

प्रिय यूनियनाइट्स,

यूनियन धारा के नवीनतम अंक के माध्यम से सभी यूनियनाइट्स को मेरा हार्दिक अभिनंदन. मुझे प्रसन्नता है कि यूनियन धारा ज्ञान के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती है और मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है. यह एक ऐसा मंच है जो बैंकिंग और डिजिटल प्रौद्योगिकी से लेकर जीवनशैली और संस्कृति तक के विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करने वाली वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोण को एक साथ लाती है.

आज की गतिशील और इंटरकनेक्टेड दुनिया में, बैंकिंग संस्थानों की भूमिका पारंपरिक लेनदेन बैंकिंग से परे विकसित हुई है. हम अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाते हैं और ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए अपने आप को नवाचार की अग्रपंक्ति में पाते हैं. जैसा कि आपको विदित है बैंक की प्रोन्नति के लिए हमने कई पहल किए हैं. मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए हमारी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति पूरे वर्ष के दौरान हमारे द्वारा की गई पहलों का प्रमाण है. हमने वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान कारोबार, लाभ और लाभप्रदता, आस्ति की गुणवत्ता और पूंजी पर्याप्तता के मामले में अच्छे आकड़ों के साथ मज़बूत वृद्धि दर्ज की है.

निर्बाध ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हम अपने व्योम ऐप और विभिन्न एसटीपी जर्नी के साथ डिजिटल क्षमताओं का निर्माण भी कर रहे हैं. मानव संसाधन के क्षेत्र में हमने अपने कर्मचारियों के अनुभव और उनके व्यावसायिक विकास को और बढ़ाने के लिए कई पहल किए हैं.

चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए हमने महत्वाकांक्षी लक्ष्य और आकांक्षाएं निर्धारित की हैं. ₹ 21.5 ट्रिलियन का कारोबार हासिल करने और परिचालन लाभ के मामले में तीसरा सबसे बड़ा पीएसबी बनने की दोहरी आकांक्षाएं विकास के पथ पर हमारा मार्गदर्शन करेंगी. अपने मिशन को पूरा करने के लिए हमने विशिष्ट रणनीति और कार्य-योजना तैयार की है.

एक बार फिर यूनियन धारा के माध्यम से, मैं अपने सभी यूनियनाइट्स को बैंक की वृद्धि और विकास के अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित करती हूँ. बैंकिंग क्षेत्र में सबसे आगे रहने के लिए उद्योग की प्रवृत्ति से अवगत रहें, नई तकनीकों को अपनाएं और अपने कौशल को बढ़ाएं. आइए हम सब मिलकर अपनी पहचान बनाएं और सफलता की विरासत तैयार करें.

शुभकामनाओं सहित,

Dear Unionites,

My warm greetings to all unionites through the latest issue of Union Dhara. I am happy that Union Dhara serves as a gateway of knowledge and provides valuable insights. It is a platform that brings together diverse voices covering a wide range of subjects from banking and digital technology to lifestyle and culture.

In today's dynamic and interconnected world, the role of banking institutions has evolved beyond traditional transaction banking. We find ourselves in the forefront of innovation, embracing cutting edge technologies and adapting to the changing needs of our customers. As you know we have taken a number of initiatives in order to take the Bank to the next level. Our strong financials for the year ended March, 2023 is a testimony to our initiatives taken during the year. We have registered strong growth during FY23 with good set of numbers, in terms of business, profit & profitability, asset quality, and capital adequacy, among others.

We are also building digital capabilities with our VYOM app and various STP journeys to ensure seamless customer experience. On the Human Resources front we have taken several initiatives to further enhance our employees' experience and their professional growth.

We have set ambitious goals and aspirations for the current financial year 2023-24. Our twin aspirations to achieve ₹ 21.5 trillion business and become the 3rd largest PSB in operating profits will guide us on our path to growth. We have come out with specific strategies and action plan in order to accomplish our mission.

Once again through Union Dhara, I encourage all my Unionites to seize the opportunities for the growth and development of the Bank. Stay abreast of industry trends, embrace new technologies and enhance your skill sets to remain at the forefront of the banking sector. Together, let us make our mark and create a legacy of success.

With best regards,

(ए. मणिमेखलै)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

(A. Manimekhalai)
Managing Director & CEO

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री रजनीश कर्नाटक ने दि. 21 अक्तूबर, 2021 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया. आपने वाणिज्य (एम.कॉम) में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की तथा आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट (सीएआईआईबी) हैं.

आपको बैंकिंग क्षेत्र में 29 वर्ष का गहन कार्यानुभव है और आपने अनेक शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों का भी कार्यभार संभाला है. पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के महाप्रबंधक के रूप में, आप लार्ज कॉर्पोरेट क्रेडिट शाखाओं तथा वर्टिकल जैसे ऋण अनुश्रवण, डिजिटल बैंकिंग और मिड कॉर्पोरेट ऋण के प्रभारी थे. ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पंजाब नेशनल बैंक में समामेलन के पश्चात, आप पंजाब नेशनल बैंक में ऋण अनुश्रवण प्रभाग और कॉर्पोरेट क्रेडिट प्रभाग के प्रमुख रहे हैं.

आपने आईआईएम-कोषिक्कोड और जेएनआईडीबी हैदराबाद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण तथा नेतृत्व विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है. साथ ही, आप आईएमआई (अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान) दिल्ली के अग्रिम प्रबंधन कार्यक्रम में सहभागी हुए हैं. आईआईएम बेंगलूरु एवं ईगोन जेंडर के नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए एफ़एसआईबी (पूर्व बीबीबी) द्वारा चयनित वरिष्ठ अधिकारियों के प्रथम बैच में आपका चयन हुआ था. आप परियोजना निधीकरण तथा कार्यशील पूंजी निधीकरण, ऋण जोखिम की विशेष योग्यता के साथ जोखिम प्रबंधन व ऋण मूल्यांकन कौशल में दक्ष हैं.

आपने पंजाब नेशनल बैंक की ओर से पीएनबी हाउसिंग फ़ाइनेंस लिमिटेड तथा इंडिया एसएमई एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं. आपने आईएएमसीएल (आईआईएफ़सीएल एसेट प्रबंधन कंपनी लिमिटेड) में पंजाब नैशनल बैंक की ओर से बोर्ड ट्रस्टी के रूप में भी कार्य किया है. आप यूबीआई सर्विसेस लिमिटेड के नामित निदेशक के पद भी कार्यरत रहे हैं. आपने लंदन स्थित बैंक की सहायक कंपनी यूबीआई (यूके) लिमिटेड के बोर्ड में गैर स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में भी कार्य किया है तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (आईआईबीएम) गुवाहाटी के गवर्निंग बोर्ड के भी आप सदस्य रहे हैं.

आपने दिनांक 29 अप्रैल, 2023 को बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है.

श्री उमेश कुमार सिंह, ने दिनांक 01 जुलाई 2020 से 15 फरवरी 2023 तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी का कार्यभार संभाला है. आपको बैंकिंग में सतर्कता, डिजिटल बैंकिंग, मानव संसाधन और जोखिम प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है

मोती लाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज, इलाहाबाद से इंजीनियर के रूप में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपने वर्ष 1994 में सेंट्रल बैंक में अधिकारी के रूप में अपने कैरियर की शुरुआत की. आपने देश के विभिन्न प्रांतों में शाखाओं और क्षेत्रों का नेतृत्व करते हुए अपने कैरियर को आगे बढ़ाया. आप वर्ष 2011 में महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत हुए. आपने बैंक के कई वर्टिकल यथा परिचालन, लेनदेन बैंकिंग और राजभाषा का नेतृत्व किया और भोपाल तथा कोलकाता अंचलों के क्षेत्र महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है. वर्ष 2019 में मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद के लिए आपका चयन हुआ और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से पहले विजया बैंक, इलाहाबाद बैंक और यूको बैंक के सीवीओ रहे हैं. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सीवीओ के रूप में आपके कार्यकाल के दौरान आपने नाबार्ड, एलआईसी, एक्जिम बैंक और कैनरा बैंक का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाला है.

आपने केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशानुसार 'एथिक्स एवं अच्छी प्रथाएँ' विषय पर 11 पुस्तिकाओं की संकल्पना और डिजाइनिंग का कार्य बखूबी निभाया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के दौरान माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा इन पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया.

आपने दिनांक 16 फरवरी, 2023 को सरसई, नई दिल्ली में केंद्रीय रजिस्ट्रार तथा प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है.

संपादकीय
EDITORIAL

प्रिय पाठकगण,

मुझे 'यूनियन धारा' के इस अंक को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है, चूंकि यह अपने बैंक की गरिमामय कॉर्पोरेट गृह पत्रिका के संपादक के रूप में मेरा पहला अंक है. यूनियन धारा ने अपने सुदीर्घ इतिहास में विषय-वस्तु और प्रकाशन के उच्च मानक बनाए रखे हैं, और हम चयनित विषय-वस्तु के साथ आगामी अंकों को प्रस्तुत करते हुए इस परंपरा को बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे.

मैं इस अवसर का लाभ उठाते हुए गृह पत्रिका के प्रकाशन में अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु संपादकीय सलाहकार समिति के सम्माननीय सदस्यों के प्रति और अपने योगदान से गृह पत्रिका को वर्तमान रूप प्रदान करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ.

'यूनियन धारा' में हम अपने पाठकों को बैंकिंग उद्योग के नवीनतम रुझान और प्रगति के साथ-साथ सामान्य रुचि के विषयों पर भी अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं. यह कार्य सेवारत और सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों से बनी आंतरिक लेखकों के समूह की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है. अत: मैं आप सभी से आग्रह करती हूँ कि अपनी लेखनी को तराशें और हमें अपने साहित्यिक योगदान भेजें.

यह अंक 'सामान्य अंक' के रूप में प्रस्तुत किया गया है और पाठक को वैविध्यपूर्ण विषयों के चयन का विकल्प देता है. इसमें समसामयिक विषयों पर चर्चा के साथ-साथ सामान्य रुचि के कई विषयों पर भी प्रकाश डाला गया है.

आशा है कि 'यूनियन धारा' का यह अंक आपको रुचिकर लगेगा. हम इस अंक के बारे में आपकी राय तथा मूल्यवर्धन हेतु आपके सुझाव का लाभ पाने की इच्छा रखते हैं, अत: हमें अपनी प्रतिक्रिया अवश्य भेजें.

आपकी,

(गायत्री रवि किरण)

Dear Readers,

I take immense pride in presenting this issue of Union Dhara, as this is my first issue as the editor of the esteemed corporate house magazine of our Bank. Union Dhara has maintained high standards of content and publication throughout its long history, and we shall strive to continue this tradition by bringing forth the ensuing issues with curated content.

I take this opportunity to thank the esteemed members of the Editorial Committee for their invaluable guidance in bringing forth the house magazine and all the staff members for their contributions which have given the house magazine its present shape.

We, at 'Union Dhara', endeavour to present our readers with the latest trends and developments in banking industry along with updated information on topics of general interest. This is possible only with the active participation of our pool of in-house writers comprising of both in-service and retired staff members. I urge one and all to brush up your writing skills and send in your literary contributions.

This issue is presented as a 'General issue' and offers the reader a kaleidoscopic choice of topics. It deliberates on current topics as well as provides insights into a variety of topics of general interest.

Hope this issue of 'Union Dhara' makes for an interesting read. We wish to benefit from your opinion regarding this issue and suggestions for further improvement, so kindly do send us your response.

Yours sincerely,

(Gayathri Ravi Kiran)

विश्व कैंसर दिवस क्लोज़ द केयर गैप

हौसला रखो तो जीतने की उम्मीद बढ़ जाती है,
वरना छोटी सी बीमारी भी भारी पड़ जाती है.

मनुष्य जीवन का आनंद तभी ले सकता है, जब उसका तन और मन स्वस्थ हो. जैसे-जैसे विज्ञान प्रगति कर रहा है, भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो रही है, कहीं न कहीं लोगों की जीवन शैली भी बदल रही है. खान-पान, रहन-सहन असंयमित हो गया है. साथ ही बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरण के कारण नई-नई बीमारियां लोगों को अपना शिकार बना रही हैं. अनेक रोगों का इलाज है, किन्तु कुछ रोग लाइलाज हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि जानकारी ही बचाव है. ऐसा ही एक रोग है- कैंसर.

कैंसर शब्द की उत्पत्ति का श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है. इन्हें आधुनिक चिकित्सा का जनक माना जाता है. हिप्पोक्रेट्स ने गैर-अल्सर बनाने और अल्सर बनाने वाले ट्यूमर का वर्णन करने के लिए कार्सिनो और कार्सिनोमा शब्द का इस्तेमाल किया. इटली में चिकित्सकों ने पाया कि ट्यूमर को एक सर्जरी के माध्यम से हटाया जा सकता है. लेकिन उन्होंने यह भी पाया कि इस पर किसी भी प्रकार की दवा का कोई असर नहीं हो रहा है.

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही आम आदमी में खौफ बन जाता है. रोगी को मौत सामने दिखाई देती है. वह जिंदा रहने की उम्मीद ही छोड़ देता है. रोगी के साथ-साथ पूरा परिवार भीषण मानसिक परेशानी से गुजरता है. लोगों को लगता है कि इसका कोई इलाज नहीं है, पर ऐसा नहीं है. अगर सही समय पर कैंसर की पहचान हो जाए और समय पर मरीज का इलाज शुरू हो जाए, तो वह ठीक भी हो सकता है. इसके लिए जरूरी है कि लोग कैंसर को जानें, उसे समझें और उसके लक्षणों को पहचान कर चिकित्सक से संपर्क करें. चिकित्सकों का मानना है कि कैंसर को लाइलाज मानने के पीछे एक बड़ा कारण यह है कि कैंसर के मरीज लगभग आखिरी स्टेज में कैंसर के डॉक्टर के पास पहुंचते हैं. तब तक संक्रमण पूरे शरीर में फैल चुका होता है और मरीज की प्रतिरोधक शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है.

विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य : विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य लोगों को कैंसर रोग के बारे में जागरूक करना है ताकि समय रहते इस रोग का पता लगाया जा सके एवं समय से इलाज प्रक्रिया को शुरू किया जा सके. इस दिवस के माध्यम से सभी नागरिकों तक इस रोग के उपचार हेतु समुचित चिकित्सा सहायता एवं अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाता है तथा कैंसर से संबंधित सामाजिक भ्रांतियों को भी दूर किया जाता है. साथ ही सभी नागरिकों के सहयोग से इस रोग के वैश्विक उन्मूलन हेतु संकल्प लिया जाता है. आज के समय में कैंसर कोई बीमारी नहीं रह गई है बल्कि यह महामारी का रूप ले चुकी है. भारत में एक कैंसर एक्सप्रेस ट्रेन भी चलती है, जो कि कैंसर मरीजों के लिए जीवन रेखा है. इसमें अधिकतर यात्री कैंसर के मरीज और उनके इलाज के लिए साथ जाने वाले परिजन ही होते हैं.

विश्व कैंसर दिवस 2023 की थीम : विश्व कैंसर दिवस की इस वर्ष की थीम "**क्लोज़ द केयर गैप**" अभियान के दूसरे वर्ष को चिह्नित करती है. यह पिछले तीन वर्षों (2022, 2023 और 2024) के लिए विश्व कैंसर दिवस की थीम है. बहुवर्षीय अभियान का मुख्य उद्देश्य जोखिम, भागीदारी और अवसरों के माध्यम से कैंसर दिवस के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है और कैंसर देखभाल में असमानताओं को समझने और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक प्रगति करने के लिए कार्रवाई करना है. विश्व कैंसर दिवस 2023 के लिए आधिकारिक रंग नीला है.

विश्व कैंसर दिवस की शुरुआत : वैश्विक स्तर पर कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने एवं आम जनमानस को इस रोग के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (यूआईसीसी) द्वारा 4 फरवरी 2000 को विश्व कैंसर दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी. प्रथम बार इस दिवस को कैंसर के विरुद्ध जंग के रूप में फ्रांस की राजधानी पेरिस में मनाया गया. वैश्विक स्तर पर कैंसर के खिलाफ कार्य करने के लिए अग्रणी संस्था (यूआईसीसी) की स्थापना वर्ष 1993 में जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में की गयी थी. कैंसर के विरुद्ध लड़ाई में यह संस्था प्रमुख भूमिका निभाती है. विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है. विश्व कैंसर दिवस, 2008 में लिखे गए विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए (यूआईसीसी) के नेतृत्व में कार्यरत है. इसका प्राथमिक लक्ष्य कैंसर के कारण होने वाली मौतों को कम करना है.

कैंसर के कारण : कोशिकाओं के भीतर डीएनए में परिवर्तन के कारण कैंसर होता है. कोशिका के अंदर मौजूद डीएनए में बड़ी संख्या में अलग-अलग जीन मौजूद होते हैं, जिनमें से प्रत्येक में निर्देशों का एक सेट होता है, जो सेल को बताता है कि उन्हें क्या कार्य करना है, कैसे बढ़ना है और कैसे म्यूटेट होना है निर्देशों में किसी तरह की त्रुटि की वजह से कोशिका अपना सामान्य कार्य करना बंद कर देती है और फिर कोशिका कैंसर से संक्रमित हो जाती है. शरीर में मौजूद कोशिकाओं यानी सेल्स में दो ऐसे बदलाव आ जाते हैं जो नहीं आने चाहिए तब शरीर में कैंसर बनता है. पहला- किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना और दूसरा- किसी एक ऑर्गन की सेल का बहुत अधिक ग्रोथ लेते हुए अपनी जगह से दूसरे ऑर्गन तक फैल जाना. इन दोनों ही स्थितियों में कैंसर हो जाता है. इसके अतिरिक्त कैंसर के निम्न कारण हैं-

- तम्बाकू, पान, सुपारी, पान मसालों, एवं गुटकों के सेवन से मुंह, जीभ, खाने की नली, पेट, गले, गुर्दे और अग्नाशय (पेनक्रियाज) का कैंसर होता है.
- धूम्रपान-सिगरेट या बीड़ी के सेवन से मुंह, गले, फेफड़े, पेट और मूत्राशय का कैंसर होता है.
- शराब के सेवन से श्वास नली, भोजन नली और तालु में कैंसर होता है.
- धीमी आंच व धुएँ में पका भोजन (स्मोक्ड) और अधिक नमक लगाकर संरक्षित भोजन, तले हुए भोजन और कम प्राकृतिक रेशों वाला भोजन (रिफाइन्ड) सेवन करने से बड़ी आंतो का कैंसर होता है.
- कुछ रसायन और दवाईयों से पेट यकृत (लीवर) मूत्राशय का कैंसर होता है.
- लगातार और बार-बार घाव पैदा करने वाली परिस्थितियों से त्वचा, जीभ, होंठ, गुर्दे, पित्ताशय, मूत्राशय का कैंसर होता है.
- कम उम्र में यौन संबंध और अनेक पुरूषों से यौन संबंध द्वारा बच्चेदानी के मुंह का कैंसर होता है.

कैंसर की एक वजह प्रदूषण भी है, जहां सांस लेने से भी हानिकारक कण शरीर के अंदर प्रवेश करते हैं और लगातार ऐसी स्थिति में रहने के कारण कैंसर जैसी बीमारी शरीर को अपनी गिरफ्त में ले सकती है. जिस जगह रहते हैं अगर वहां आस-पास वातावरण में हानिकारक केमिकल्स की मौजूदगी रहती है तो कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. इसमें प्रदूषण और पैसिव स्मोकिंग जैसी समस्याओं की भी भूमिका होता है. पैसिव स्मोकिंग वह होती है, जिसमें आप खुद तो स्मोकिंग नहीं करते लेकिन स्मोकर के साथ रहने के दौरान उसके द्वारा हवा में छोड़ा गया धुआं और हानिकारक टॉक्सिन्स सांस के जरिए अंदर ले रहे होते हैं. क्रॉनिक स्वास्थ्य समस्याएं वाले लोगों में भी कैंसर का खतरा बढ़ सकता है.

कैंसर के चरण : एक बार जब चिकित्सक कैंसर का पता लगा लेते हैं तो फिर यह जानने की कोशिश करते हैं कि यह किस स्टेज में है. कैंसर का चरण जानकर ही चिकित्सक आपके इलाज के लिए अपनाए जाने वाले विकल्प पर विचार करते हैं और आपके ठीक होने की संभावनाओं का पता लगाते हैं. कैंसर का चरण जानने के लिए बोन स्कैन, पोजिट्रोन एमिशन टोमोग्राफी (पीईटी स्कैन) अल्ट्रासाउंड और एक्सरे किए जा सकते हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैला है या नहीं. कैंसर को शून्य से चार चरणों में मापा जाता है. एक, दो, तीन, चार में से जितने ज्यादा स्तर का कैंसर होता है, यह उतना ही ज्यादा गंभीर होता है.

हालांकि कैंसर की बीमारी होने के कारणों में फैमिली हिस्ट्री की भूमिका बहुत बड़ी नहीं होती है, लेकिन अगर आपके परिवार में इस बीमारी का इतिहास रहा है तो हो सकता है कि म्यूटेशन अगली पीढ़ी में भी ट्रांसफर हुआ हो. इससे बचने के लिए आप डॉक्टर से बात कर और उनकी सलाह पर जेनेटिक टेस्टिंग करा सकते हैं.

कैंसर के कुछ प्रारम्भिक लक्षण-

- लम्बे समय से शरीर के किसी भी अंग में दर्दरहित गाँठ या सूजन.
- शरीर में किसी भी अंग में घाव, जो न भरे.
- स्तनों में गाँठ होना या रिसाव होना, योनी से अस्वाभाविक खून बहना, मल-मूत्र, उल्टी और थूक में खून आना.
- आवाज में बदलाव, निगलने में दिक्कत, लम्बे समय तक लगातार खाँसी, पहले से बनी गाँठ, मस्सों व तिल का अचानक तेजी से बढ़ना या पुरानी गाँठ के आस-पास नयी गांठों का उभरना.
- बिना कारण वजन घटना, कमजोरी आना या खून की कमी.

कैंसर का इलाज : मेडिकल क्षेत्र में हुई प्रगति के साथ आज कैंसर के कई इलाज उपलब्ध हैं. इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि किस तरह का कैंसर है, किस स्टेज का कैंसर है, आपका स्वास्थ्य मौजूदा स्थिति में

कैसा है और किस तरह का इलाज अपने लिए बेहतर है. डॉक्टर के साथ मिलकर कैंसर इलाज के विभिन्न तरीकों के लाभ और नुकसान पर बात करके उनमें से सर्वोत्तम इलाज करा सकते हैं. कैंसर के इलाज का मकसद आपको कैंसर से मुक्त करना है.

- प्राथमिक उपचार- प्राथमिक उपचार का मकसद आपके शरीर से कैंसर सेल्स को पूरी तरह से हटाना या कैंसर सेल्स को मारना होता है. सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले प्राथमिक उपचार में कैंसर की सर्जरी है. इसके तहत आपको रेडिएशन और कीमोथेरेपी दी जा सकती है.
- सहायक उपचार- इस उपचार का मकसद ऐसे कैंसर सेल को खत्म करना है, जो प्राथमिक उपचार के बाद भी रह जाते हैं. इस उपचार के जरिए कैंसर दोबारा होने की आशंका को खत्म किया जाता है.

असाध्य कैंसर का आयुर्वेद से उपचार : कैंसर के इलाज में आयुर्वेद बहुत कारगर है. आयुर्वेद में कैंसर के अनेक उपचारों के बारे में जानकारी मिलती है. आयुर्वेद में कैंसर के इलाज के लिए कुछ पद्धतियों का भी जिक्र है, जिसमें स्नेहन, स्वेदन, तप, उपनाह, अग्निकर्म, क्षार कर्म, शस्त्रकर्म जैसी विधियां प्रमुख हैं. इसके अलावा कैंसर को नियंत्रित करने के लिए पिप्पली, गिलोय, ब्राह्मी, हल्दी, अश्वगंधा, मुलेठी आदि जड़ी बूटियों का भी प्रयोग किया जाता है.

कैंसर से बचाव के उपाय : कैंसर का सर्वोतम उपचार बचाव है. यदि मनुष्य अपनी जीवन शैली में कुछ परिवर्तन करने को तैयार हो तो 60 प्रतशित मामलों में कैंसर होने से पूर्णत: रोका जा सकता है.

- विटामिन युक्त और रेशे वाला (हरी सब्जी, फल, अनाज, दालें) पौष्टिक भोजन खाएं.
- कीटनाशक एवं खाद्य संरक्षण रसायनों से युक्त पदार्थों को धोकर खाएं.
- धूम्रपान, तम्बाकू, सुपारी, चूना, पान मसाला, गुटका, शराब आदि का सेवन न करें.
- अधिक तले भुने, बार-बार गर्म किए तेल में बने और अधिक नमक में सरंक्षित भोजन न खाएं.
- नियमित व्यायाम करें, अपना वजन सामान्य रखें.
- मुंह में सफेद दाग या बार-बार होने वाला घाव या शरीर में किसी भी अंग या हिस्से में गांठ होने पर तुरन्त जांच करवाएं.
- महिलाएं माहवारी के बाद हर महीने स्तनों की जाँच स्वयं करें. इसका तरीका चिकित्सक से सीखें .
- दो माहवारी के बीच या माहवारी बन्द होने के बाद रक्त स्त्राव होना खतरे की निशानी है. पैप टेस्ट करवाएं.
- शरीर में या स्वास्थ्य में किसी भी असामान्य परिवर्तन को अधिक समय तक न पनपने दें.
- नियमित रूप से जाँच कराते रहें और अपने चिकित्सक से तुरन्त सम्पर्क करें.

उपसंहार : कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिसके मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं. खान-पान के प्रति लापरवाही और हमारी खराब आदतों की वजह से यह गंभीर बीमारी तेजी से फैलती जा रही है. बच्चों से लेकर बड़ों तक कोई भी इस बीमारी की चपेट में आ सकता है. कैंसर अब एक सामान्य रोग हो गया है. हर दस भारतीयों में से एक को कैंसर होने की संभावना है. कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है. लेकिन यदि रोग का निदान व उपचार प्रारम्भिक अवस्थाओं में किया जाए तो इस रोग का पूर्ण उपचार संभव है. विश्व में कुल 2 करोड़ लोग कैंसर ग्रस्त हैं. इनमें हर वर्ष 90 लाख व्यक्ति और जुड़ जाते हैं. विश्व में हर वर्ष अनुमानित 40 लाख व्यक्तियों की कैंसर के कारण मृत्यु हो जाती है. भारत में लगभग 14.61 लाख (2021) अनुमानित मामले हैं, जिसको हम अपने अच्छे खानपान, रहन-सहन, आदतों में बदलाव और जागरूकता के द्वारा ही नियंत्रित कर सकते हैं.

प्रवीण कुमार
यूनियन लर्निंग अकादमी, गुरुग्राम

म्यूचुअल फंड में निवेश

आजकल कई प्रकार के निवेश विकल्प उपलब्ध हैं. इनमें से एक है म्यूचुअल फंड. आइए हम म्यूचुअल फंड के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करें.

म्यूचुअल फंड क्या है?

म्यूचुअल फंड एक पेशेवर फंड मैनेजर द्वारा प्रबंधित धन का एक पूल है. यह एक ट्रस्ट है जो कई निवेशकों से धन एकत्र करता है जो एक सामान्य निवेश उद्देश्य साझा करते हैं और उसे इक्विटी, बॉन्ड, मुद्रा बाज़ार और अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं. इस सामूहिक निवेश से उत्पन्न आय / लाभ योजना के निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) की गणना करके लागू खर्चों को घटाकर निवेशकों के बीच आनुपातिक रूप से वितरित किया जाता है. सीधे शब्दों में कहें तो बड़ी संख्या में निवेशकों द्वारा जमा किया गया पैसा ही म्यूचुअल फंड बनता है.

म्यूचुअल फंड यूनिट की अवधारणा को एक उदाहरण से समझते हैं :- मान लीजिए पाँच साथी चॉकलेट खरीदना चाहते हैं, और अपना पैसा एकत्रित कर चॉकलेट का एक बॉक्स खरीदते हैं. इसका परिणाम यह होता है कि प्रत्येक साथी चॉकलेट के बॉक्स में एक यूनिट धारक होता है, जो सामूहिक रूप से उन सभी के स्वामित्व में होता है, प्रत्येक व्यक्ति के पास बॉक्स के एक हिस्से का स्वामित्व होता है.

इसके बाद, आइए समझते हैं कि निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) क्या है. जिस प्रकार एक इक्विटी शेयर का व्यापारिक मूल्य होता है, उसी प्रकार एक म्यूचुअल फंड यूनिट का निवल आस्ति मूल्य प्रति यूनिट होता है. एनएवी किसी विशेष दिन पर एक फंड द्वारा रखे गए शेयरों, बॉन्ड और प्रतिभूतियों का संयुक्त बाजार मूल्य है. एनएवी प्रति यूनिट किसी दिए गए दिन पर एक म्यूचुअल फंड योजना में सभी इकाइयों के बाजार मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है. यह एनएवी सभी खर्चों और देनदारियों के साथ-साथ उपार्जित आय का योग है जिसे योजना में इकाइयों की बकाया संख्या से विभाजित किया जाता है.

म्यूचुअल फंड उन निवेशकों के लिए आदर्श है जिनके पास या तो निवेश के लिए बड़ी रकम की कमी है, या जिनके पास न तो बाजार पर शोध करने का झुकाव है और न ही समय है, फिर भी वे अपनी संपत्ति बढ़ाना चाहते हैं. म्यूचुअल फंड में एकत्रित धन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा योजना के घोषित उद्देश्य के अनुरूप निवेश किया जाता है. बदले में, फंड हाउस एक छोटा सा शुल्क लेता है जिसे निवेश से काट लिया जाता है. म्यूचुअल फंड द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित होते हैं और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्दिष्ट कुछ सीमाओं के अधीन होते हैं.

भारत में विश्व स्तर पर सबसे अधिक बचत दर है. धन सृजन की यह प्रवृत्ति भारतीय निवेशकों के लिए पारंपरिक रूप से पसंदीदा बैंक एफडी और गोल्ड से परे म्यूचुअल फंड की ओर देखना आवश्यक बनाती है. हालांकि, जागरूकता की कमी ने म्यूचुअल फंड को निवेश का कम पसंदीदा तरीका बना दिया है.

म्यूचुअल फंड वित्तीय स्पेक्ट्रम में निवेश के लिए कई उत्पाद विकल्प प्रदान करते हैं. क्योंकि निवेश के लक्ष्य अलग-अलग होते हैं - सेवानिवृत्ति के बाद के खर्च, बच्चों की शिक्षा या शादी, घर की खरीददारी आदि के लिए पैसा - इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक उत्पाद भी अलग-अलग होते हैं. भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ढेर सारी योजनाएं पेश करता है और निवेशकों की सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करता है.

म्यूचुअल फंड खुदरा निवेशकों को भाग लेने और पूंजी बाजार में अपट्रेंड से लाभ उठाने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं. म्यूचुअल फंड में निवेश करना जहां फायदेमंद हो सकता है, वहीं सही फंड का चयन करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है. इसलिए, निवेशकों को फंड की उचित सावधानी बरतनी चाहिए और जोखिम-वापसी व्यापार-बंद और समय सीमा को ध्यान में रखना चाहिए या पेशेवर निवेश सलाहकार से परामर्श करना चाहिए. इसके अलावा, म्यूचुअल फंड निवेश से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए, निवेशकों के लिए इक्विटी, कर्ज और गोल्ड जैसे फंड की विभिन्न श्रेणियों में विविधता लाना महत्वपूर्ण है.

हालांकि सभी श्रेणियों के निवेशक प्रतिभूति बाजार में अपने दम पर निवेश कर सकते हैं, फिर भी म्यूचुअल फंड एक बेहतर विकल्प है क्योंकि सभी लाभ एक पैकेज में मिलते हैं.

म्यूचुअल फंड कैसे काम करते हैं?

एक म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक सामान्य निवेश उद्देश्य के साथ पैसा जमा करने की अनुमति देता है, जो योजना के उद्देश्यों के आधार पर विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में पैसा निवेश करते हैं.

एक निवेशक के रूप में, हम अपना पैसा स्टॉक, बॉण्ड और अन्य प्रतिभूतियों, यानी वित्तीय संपत्तियों में लगाते हैं. हम या तो उन्हें सीधे

खरीद सकते हैं या म्यूचुअल फंड जैसे निवेश साधनों का उपयोग कर सकते हैं. प्रत्यक्ष निवेश पर म्यूचुअल फंड के कुछ फायदे हैं. उदाहरण के लिए, हो सकता है कि हमारे पास खुद बाजार के रुझान को समझने का कौशल न हो, या हमारे पास बाजार को बारीकी से समझने का समय न हो. इस मामले में म्यूचुअल फंड एक बढ़िया विकल्प हैं क्योंकि वे पेशेवरों द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं. आइये चर्चा करें कि म्यूचुअल फंड कैसे काम करता है.

म्यूचुअल फंड एक निवेश विकल्प के रूप में : म्यूचुअल फंड एक निवेश साधन है जो एक सामान्य निवेश उद्देश्य के साथ निवेशकों से पैसा एकत्र करता है. इसके बाद यह योजना के उद्देश्यों के आधार पर इक्विटी और बॉण्ड जैसे विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में पैसा निवेश करता है. एक आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) निवेशकों की ओर से ये निवेश करती है. म्यूचुअल फंड का प्रबंधन करने वाली टीम उन शेयरों को चुनती है जिनमें निवेशकों का पैसा स्पष्ट रूप से परिभाषित निवेश उद्देश्यों के आधार पर लगाया जाता है.

एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड निवेश : म्यूचुअल फंड के लिए एक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) एक अनुशासित तरीके से निवेश करना आसान बनाता है. यह एसआईपी विकल्प बैंक में आवर्ती जमा (आरडी) खोलने के समान है. आरडी के समान ही हमारा एसआईपी हमारे बैंक से निर्दिष्ट अंतराल (आमतौर पर हर महीने) पर एक निर्दिष्ट राशि काट कर निवेश करता है.

आरडी और एसआईपी में एक महत्वपूर्ण अंतर है. आरडी आपके निवेश पर एक निश्चित ब्याज देता है. आपके म्यूचुअल फंड एसआईपी से मिलने वाला प्रतिलाभ म्यूचुअल फंड योजना की निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) पर निर्भर करता है. एनएवी अंतर्निहित प्रतिभूतियों के वर्तमान बाजार मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है और इसमें दैनिक उतार-चढ़ाव होता है.

म्यूचुअल फंड एसआईपी के कुछ फायदे -

1. एकमुश्त भुगतान करने के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है. हम हर महीने छोटी, प्रबंधनीय राशि का निवेश कर सकते हैं.
2. नियमित और व्यवस्थित दृष्टिकोण निवेशकों के बीच अनुशासन बनाता है. एक बार जब हम स्वत: नामे के लिए एक स्थायी अनुदेश देते हैं, तो एसआईपी निवेश अपने आप हो जाएगा.
3. चूँकि एनएवी में उतार-चढ़ाव होता है, इसलिए हमारे निवेश की प्रत्येक किस्त के साथ अलग-अलग संख्या में यूनिट खरीदे जाते हैं. इसमें समय के साथ निवेश की औसत लागत को कम करने की क्षमता है, इस प्रकार यह हमारे प्रतिलाभ को अधिकतम करता है.

म्यूचुअल फंड में एकमुश्त निवेश - जब हम किसी म्यूचुअल फंड में एकमुश्त राशि का निवेश करते हैं, तो इसका मतलब है कि म्यूचुअल फंड में एकमुश्त बड़ी राशि लॉक हो जाती है. एकमुश्त निवेश में एक निवेशक के लिए उपलब्ध संपूर्ण धन का निवेश शामिल होता है. उदाहरण के लिए, यदि कोई अपने पास मौजूद पूरी राशि को म्यूचुअल फंड या इसी प्रकार के निवेश साधनों में निवेश करना चाहता है, तो इसे एकमुश्त निवेश कहा जाता है.

म्यूचुअल फंड को प्रभावित करने वाले कारक : म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय हमें कई कारकों और शर्तों के बारे में पता होना चाहिए:-

निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) : म्यूचुअल फंड की कुल लागत प्रति फंड यूनिट की कीमत पर निर्भर करती है, जिसे निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) के रूप में जाना जाता है. एनएवी हमें यह समझने में मदद करता है कि एक विशिष्ट म्यूचुअल फंड योजना कैसा प्रदर्शन कर रही है. म्यूचुअल फंड प्रतिभूति बाज़ार में निवेश करते हैं. प्रतिभूति बाज़ार मूल्य हर दिन बदलता है. इसी प्रकार एक योजना का एनएवी भी हर दिन बदलता है.

प्रबंधनाधीन आस्ति (एयूएम): म्यूचुअल फंड निवेशकों से एकत्रित धन का उपयोग करके संपत्ति खरीदते हैं. इन संपत्तियों में स्टॉक, बॉण्ड और अन्य प्रतिभूतियाँ शामिल हैं. म्यूचुअल फंड द्वारा खरीदी गई सभी संपत्तियों का कुल मूल्य प्रबंधनाधीन आस्ति (एयूएम) कहलाता है.

निधि प्रबंधक: ये बाजार के विशेषज्ञ हैं जिनके पास प्रतिभूति बाज़ार की तत्काल महत्वपूर्ण जानकारी रहती है. निधि प्रबंधक सबसे बड़े और सबसे अधिक लागत प्रभावी पैमाने पर व्यापारों को निष्पादित करते हैं. ये प्रबंधक पूर्णकालिक, उच्च स्तरीय पेशेवर निवेशक हैं. वे उन कंपनियों की निगरानी करते हैं जिनमें उनके द्वारा प्रबंधित म्यूचुअल फंडों ने निवेश किया है.

विविधता: आमतौर पर लोग कहते हैं कि सब कुछ दाँव पर नहीं लगाना चाहिए. यह निवेश के मामले में भी सही है. म्यूचुअल फंड योजनाएं उद्योगों और क्षेत्रों की एक पूरी शृंखला, विभिन्न प्रकार की संपत्ति, और बहुत कुछ में निवेश करती हैं. योजनाएँ ब्लू-चिप स्टॉक, प्रौद्योगिकी स्टॉक, बॉण्ड या स्टॉक और बॉण्ड के मिश्रण पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं.

चलनिधि- ओपन एंडेड बनाम क्लोज एंडेड म्यूचुअल फंड : भारत में म्यूचुअल फंड को उनकी निवेश संरचना और तरलता के आधार पर दो प्रकारों में बांटा जा सकता है - ओपन-एंडेड निधि या क्लोज-एंडेड निधि. ओपन एंडेड निधि को कभी भी खरीदा या बेचा जा सकता है, क्लोज्ड एंडेड फंड्स को केवल आरंभ के दौरान ही खरीदा जा सकता है और फंड निवेश अवधि समाप्त होने पर इसे बेचा जा सकता है.

निष्कर्ष : हम शुरू से ही म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसा बचा सकते हैं, और संपत्ति बढ़ा सकते हैं. शब्द 'निवेश' शुरुआत में डरावना लग सकता है - लेकिन एक वित्तीय सलाहकार से परामर्श करके और म्यूचुअल फंड के बारे में जानने से हमें निवेश की दिशा में पहले कुछ कदम उठाने में मदद मिल सकती है और इस प्रकार समय के साथ एक अच्छी वित्तीय नींव तैयार हो सकती है.

प्रभाकर पाल
डिजिटल बैंकिंग यूनिट, अगरतला

Financial Investment - A Perspective

Investment can be defined as a decision for allocation of hard-earned money of an individual or investment company in financial instruments to achieve the desired financial goal. In the process of investment, the money involved has to keep growing automatically without any intervention of the primary investor. The idea of investment is actually not nearly as difficult as it looks if certain basic principles of investment are followed in the true sense. Selecting suitable assets and building a diversified portfolio for attaining maximized returns is the main objective behind investments.

The following basic principles of investment can be helpful in achieving investment goals.

Measurement of present scenario: In a prudent investment decision, measurement of the present scenario is very important. Assessing the current situation involves assessment of the capacity of the investor, assessment of the economic condition at micro and macro level, stability of management, present business conditions and future prospects of the company where the investment is to be made.

Establishment of investment goal: Every individual is different and the objective behind a decision is also different from person to person. Some investors need short term high returns, some invest with an objective of getting returns in the form of stable and steady growth. Generally young investors prefer investing in highly volatile stock market whereas an elderly investor would like to protect their funds with an objective of coupon returns. Portfolios to suit the requirement of the investor should be made according to the established investment goal of the investor.

Measurement of risk bearing capacity: Risk is the probability of potential losses in any credit or investment decision. There is an old saying which goes "More Risk More Gain & Less Risk Less Gain". Many times emotional investment decision results in negative returns and some times zero returns too. The modern portfolio theory argues that risk and return should not be calculated in silos, rather it should be evaluated as to how an investment decision affects the portfolio as a whole. There are risk mitigation tools available in portfolio construction to diversify portfolio as per the risk bearing capacity of the investors.

Portfolio Building & Portfolio Diversification: After measurement of the risk bearing capacity of the

investor, the next task is to build a portfolio that can adjust the risk and can result in optimum returns. In this process, fund managers choose the option to diversify funds and build a portfolio. This practice involves spreading the fund in different investment avenues so that the price volatility in one investment may be balances the other. This is designed to abserb the potential losses of the portfolio due to price volatility in one particular instrument or sector over a period of time.

Asset Allocation: Asset allocation is a practice to divide total investments in different assets such as stock, bond, cash etc. The allocation of the investment is highly customized, and it depends on the priority of the primary investor. If any individual is expecting high return over his investment, he/she needs to look at the stock market. The debt funds and bonds ensure safety of the principal and also ensures a moderate return on the principal, and this option may be opted by an investor who is highly risk averse.

Investment Option: There are many investment options available in the financial environment. An investor can choose based on his investment goals and his risk bearing capacity. There are many factors which can be categorized on different parameters like.

a- Source of income

b- Liquidity in investment option

c- Age of investor

d- Risk bearing capacity

e- Time frame/Maturity

f- Taxation etc

To meet the above targets, there are many investment options available like stocks, debt instruments, government securities, Kisan Vikas Patra, Mutual Fund, Bank's Tax savers, Bank's FD, Sukanya Samridhi Yojna and other government sponsored schemes.

Re-checking and balancing the portfolio: It is a process of revisiting investment decisions. It is a kind of an overhauling activity of the entire portfolio which involves buying and selling of potential instruments to avoid the risk of losses and increase in potential gain. This is a strategy of bringing a portfolio that has deviated away from one's target asset allocation back into line.

Things to be avoided in Investment decision:

In order to maintain a good portfolio and keep away from potential losses, few strategies can be strictly followed during portfolio building. as given below :

1. Avoid speculation and baseless ideas
2. Don't fall in love with one stock or company
3. Lack of patience may lead to loss of opportunity of gain
4. Too much of investments in one option or sector may result in huge losses
5. High cost of investment will lead to less gain
6. Fund lock-in period may result in locking potential gain, so choose lock-in maturity instruments judiciously
7. Do not frequently change investment goals

Before starting investing an investor should decide his goals. Once goals are fixed the ground work is ready. Now as per the investment goals the available investment instruments should be opted. To avoid losses one needs to revisit the portfolio from time to time. So why wait? This is the correct time, start investing as per your desired financial goals.

Shahid Kabeer
ZLC, Visakhapatnam

Popular Titbits of Financial World

1. FD Laddering

Did you know that laddering your fixed deposits can help optimize returns and manage your liquidity requirements much better?

It makes no sense to start laddering your FDs when the interest rates are reversing. That is exactly what is happening right now with the FD rates set to increase in India in the near future. If you look at which banks offer highest FD interest rates, then you will notice that there is a gradual increase in FD rates in 2022 and going into 2023.

What is Fixed Deposit Ladder?

When you start making an FD ladder, you essentially divide the amount available into parts and create multiple FDs of different maturity deposits initially, instead of booking one big FD for the long term.

Suppose you want to make FD of ₹ 10 lakh. One way is to create one FD of ₹ 10 lakh and be done with it. But what to do if you expect interest rates to rise soon and don't want to lose out on that? You also don't want to keep waiting for rates to rise. This is where the FD laddering technique comes in handy.

FD rates have been quite low for a very long time. But now, the FD interest rates are all set to increase in India. So, this is a good time to consider laddering your FDs if you wish to keep money in fixed deposits.

2. Black Swan Event

What is Black Swan?

A Black Swan is an unpredictable event that is beyond what is normally expected of a situation & has potentially severe consequences. Black swan events are characterized by their extreme rarity, severe impact, and the widespread insistence they were obvious in hindsight.

Key Takeaways:-

- A Black Swan is an extremely rare event with severe consequences.
- It cannot be predicted beforehand, though after the fact, many falsely claim it should have been predictable.
- Black Swan events can cause catastrophic damage but even the use of robust modelling cannot prevent a black swan event.
- Reliance on standard forecasting tools can both fail to predict and potentially increase vulnerability to black swans by propagating risk & offering false security.
- The term was popularized by the book, The Black Swan by Nassim Nicholas Taleb.

3. Non-Fungible Tokens

Non-fungible tokens are cryptographic assets on a blockchain with unique identification codes and metadata that distinguish them from each other.

Unlike cryptocurrencies, they cannot be traded or exchanged at equivalency.

Key Takeaways :

- NFTs are unique cryptographic tokens that exist on a blockchain and cannot be replicated.
- NFTs can represent real world items like artwork & real estate.
- Tokenizing these real-world tangible assets makes buying, selling & trading them more efficient while reducing the probability of fraud.
- NFTs can also function to represent individual identities, property rights & more.
- In recent past, Jack Dorsey, co-founder of Twitter made NFT of his first tweet which was sold for $ 2.9 million.
- Bollywood celebrity Amitabh Bachchan also made NFTs of of several digital photographs & related pics which got sold for ₹ 7.18 Crore in 2022.

Rahul Jain
Zonal Office, Bengaluru

इंद्रधनुष

विस्तृत अनंत आसमान में बिखरती छटा
सूर्य के विपरीत इस आकाश में है डटा.
प्रकृति का आवरण अपने अंदर समेटे,
मनमोहक सतरंगी दिखती यह घटा.

धनुष के आकार में कितना सुंदर दृश्य है.
मानो सूर्य को मोहित करने का परिदृश्य है.
टपाटप बूंदे गिरती महान धरती पर,
विज्ञान का रहस्यमय यह विशेष है.

हृदय में समा जाए इसका अनुपम रूप.
कहीं पर बादल की घटा कहीं पर धूप.
मन को रोमांचित करती यह तस्वीर,
दिलों को भा जाए इंद्रधनुष का यह रूप.

सभी की निगाहें असीमित क्षितिज पर.
कभी पूरब कभी पश्चिम दिशा विपरीत पर.
रंगों के परिवर्तन का यह विस्मयी खेल,
आंखों में छुप जाए आश्चर्य घटना जागृत पर.

अनेकता में एकता का यह जीवंत प्रतीक.
भारत जैसे देश के लिए है कितना सटीक.
अनेक भाषाएं, विभिन्न बोलियां एवं संस्कृति,
फिर भी राष्ट्रीय एकता की होती जीत.

इंद्रधनुष हमारे लिए प्रेरणादायक है.
सभी प्रांतों एवं क्षेत्रों का जननायक है.
एकजुटता से करें हम देश के प्रति समर्पण.
भारत बनता विश्व में महानायक है.

इंद्रधनुष सा अनुपम, अद्भुत अपना देश.
समृद्ध विरासत, इतिहास का हर भेष.
जय हो इंद्रधनुष की, जय भारत की,
विश्व मंच पर सदैव बिखेरता नवोन्मेष.

कौशल किशोर शुक्ला
क्षे.का. पटना

परिंदे की चाह

पंछी बनकर मैं उड़ना चाहता हूँ
बादलों पर सवार हो कर अब जीना चाहता हूँ
साँसों के साथ मैं खेलना चाहता हूँ
कहीं दूर जाकर अब खोना चाहता हूँ

न कोई बंदिश हो, हो बस मेरी उड़ान
इस दुनिया से अलग हो मेरी पहचान
हवा में आज मैं भी उड़ना चाहता हूँ
एक पंछी की तरह दुनिया घूमना चाहता हूँ

पानी से ठंडक को ले धूप में जलना चाहता हूँ
गांव की धूल लेकर शहर में जाना चाहता हूँ
मैं पंछी इन लम्हों को जीना चाहता हूँ
अपनी किस्मत का सट्टा लगाना चाहता हूँ

पानी की धार में पर कट गए
सूरज की गर्मी से हौसले जल गए
आज मैं पिंजरे में कैद हूँ
आज भी आशयां की खोज में हूँ

तपन बिलखीया
क्षे. का. आणंद



THE SKY...

If freedom has a shape.
It would be the Sky!!
It's clouds flying free,
To wherever they wanna be.
It's stars shining brightest,
On the nights that feel darkest.
It's orange sunsets,
Making the birds blush.
It's secret galaxies,
And floating rocks,
The burning sun and dozens of moons,
The pitch dark nights,
And sunny blues,
Countless mystics the sky holds,
An infinite cosmos!
Scary! yet beautiful.
It's vast emptiness,
Feeling like an eternal hug
Reassuring that the universe
is always with you !!

K Alekhya
Kalyan Nagar Branch

शौर्य की गाथा

लिखते-लिखते, कहते-कहते,
शौर्य की गाथा गाएंगे

सर उठा कर गाएंगे,
गाते ही हम जाएंगे
..... शौर्य की गाथा

सत्तावन की क्रांति से हम,
सीखते ही जाएंगे

महारानी लक्ष्मी को भी हम,
शीष झुकाते जाएंगे
..... शौर्य की गाथा

वीर शिवाजी के शौर्य,
बापू के धैर्य की भी गाथा गाएंगे

वीर पुरुष के बलिदानों को,
ज़ाया नहीं गवाएंगे
..... शौर्य की गाथा

देश में फैले अन्धकार को,
मिटाते ही जाएंगे

जाते-जाते कहते-कहते,
दिये जलाते जाएंगे
..... शौर्य की गाथा

इंच मात्र सी धरती पर भी,
हक से लड़ते जाएंगे

नहीं किसी को देंगे इसको,
रक्षक हम बन जाएंगे
..... शौर्य की गाथा

रक्त बहा उनका हम,
धरती मां की शान बढ़ायेंगे
..... शौर्य की गाथा

गद्दारी न माटी से हो,
तिलक लगाते जाएंगे

गद्दारों को मिटा-मिटा कर,
लड़ते ही हम जाएंगे
..... शौर्य की गाथा

राशि जैन
क्षे. का. भटिंडा

कौन हो तुम ...

सब पूछ रहे हैं आखिर कौन हो तुम ....
जिंदगी की ऊहापोह में गर्म तकिया सी हो तुम,
जलते हुए रेगिस्तान में एक बगिया सी हो तुम.
सब पूछ रहे हैं आखिर कौन हो तुम ....
रात आलस में डूबी आँखों के लिए चाय सी हो तुम,
मेरे हर एक गलत फैसले की सही राय सी हो तुम.
सब पूछ रहे हैं आखिर कौन हो तुम .....
मेरी जिंदगी की हर हार के बाद खड़ी जीत सी हो तुम,
मेरे जन्मों की मीत सी हो तुम.
मेरी उलझनों में दवा सी असरदार हो तुम,
मेरी जिंदगी के हिचकोले थामें एक पतवार हो तुम.
सब पूछ रहे हैं आखिर कौन हो तुम .....
मेरी लिखी प्रत्येक पंक्ति की, नायिका सी हो तुम,
मेरी बेसुरी जिंदगी की गायिका सी हो तुम.
सब पूछ रहे हैं आखिर कौन हो तुम .....

विशाल अवस्थी
क्षे का पंजागुट्टा - हैदराबाद

Travel Diaries: Munnar

I want to lose my soul and forget the rest of the world in this mystical place once more,
Where mountains always appear kissing the sky under the veil of floating clouds and where tea plants blanket the place with their own colour.

I want to feel the breath of the tea leaves to know how they breathe to look so fresh all the time.
I want to hold the entire tea plantation in my palms to steal all warmth from them on this wintry day to warm my shivering soul.

Hey beautiful #Munnar, born in god's own county, call me one more time to your abode.
I will come rushing to you to relive some beautiful memories, make new, carry some in my heart and leave some for you to compel you to remember this unknown visitor all the time.

Now when I see the selfies, the family pictures, the bills, the belongings bought from vendors and feel the good times and the memories remind me of your endless magnificence.

My body still shivers when I feel that touch of winds
My eyes still glow with light when I feel your beauty spread.

Can you still see my foot marks that I left behind when running there out of ecstasy ?
Can you hear my, laughter, happiness,

Archana Senapati
ZO, Bhubaneswar

Climate Risk and Sustainable Finance

Definition : Climate risk refers to risk assessments based on formal analysis of consequences, and responses to the impact of climate change and how societal constraints shape adaptation options. Common approaches to risk assessment and risk management strategies are based on natural hazards and have been applied to climate change impacts although there are distinct differences. Based on a climate system that is no longer staying within a stationary range of extremes, climate change impacts are anticipated to increase the coming decades despite mitigation efforts. Ongoing changes in the climate system complicates assessing risks. Applying current knowledge to understand climate risk is further complicated due to substantial differences in regional climate projections, expanding numbers of climate model results, and the need to select a useful set of future climate scenarios in their assessments.

One of the primary roles of the Inter-governmental Panel on Climate Change (IPCC), which was created by the United Nations Environment Programme (UNEP) and the World Meteorological Organization (WMO) in 1988, is to evaluate climate risks and explore strategies for their prevention and publish this knowledge each year in a series of comprehensive reports. International and research communities have been working on various approaches.

Natural disasters and diseases : According to the IPCC Fifth Assessment Report: "Impacts from recent climate-related extremes, such as heat waves, droughts, floods, cyclones, and wildfires, reveal significant vulnerability and exposure of some ecosystems and many human systems to current climate variability".

The following future impacts can be expected:

1. Temperature increases
2. Extreme weather
3. Bumper crops and crop failure
4. Polar cap melting
5. Changes to Earth's eco-systems
6. Epidemics
7. Disruption of the North Atlantic current

Introduction : Mr. Kofi Annan, the erstwhile Secretary-General of the UN, remarked at the Paris Climate Agreement, "The world is reaching the tipping point beyond which climate change may become irreversible. If this happens, we risk denying present and future generations the right to a healthy and sustainable planet - the whole of humanity stands to lose". These words ring truer today than ever before. There is no denying the fact that the climate of Earth has varied throughout its history given the vagaries of the forces of nature. However, multiple independent lines of investigation have provided increasingly compelling evidence that anthropogenic activities have significantly exacerbated the process of climate change since the industrial revolution.

As per the report of the UN's Inter-governmental Panel on Climate Change dated August 9, 2021, the emissions of greenhouse gases (GHGs) from human activities are responsible for 1.1°C of warming since pre-industrial times. While this change is seemingly small, the current temperatures are unprecedented in comparison to the levels over the past 12,000 years affecting living conditions in many parts of the world.

Closer home, the latest annual report by the India Meteorological Department (IMD) on the country's climate stated that 2021 was not only the fifth warmest year since 1901, but in the last decade, 2012-2021, was also the warmest on record. Moreover, 11 of the 15 warmest years on record were between 2007 and 2021. The rise in average temperatures could have a cascading effect on extreme weather events, crop patterns and urban disaster management. India recorded 756 instances of natural disasters (landslides, storms, earthquakes, floods, droughts, etc.) since 1900, with a total of 402 and 354 events recorded during 1900-2000 and 2001-2021

respectively, indicating the preponderance of tail events of late.

Several Indian banks have launched green finance products such as green loans and green credit cards. Union Bank of India has also taken various green initiatives to promote sustainability and reduce its carbon footprint like

E-Waste Management: The bank has implemented a comprehensive e-waste management program, which includes the collection, segregation, and disposal of electronic waste in an eco-friendly manner.

Green Buildings: The bank is encouraging energy-efficient buildings that use natural light and ventilation, reducing the need for artificial lighting and air conditioning, installing e-toilets and sensor-based energy savers and creating the awareness among its employees for efficient use of power and other resources.

Paperless Banking: The bank has introduced various digital initiatives like online banking, mobile banking, and e-statements, which reduce the need for paper-based transactions.

Green Products: Union Bank of India offers various green products like Union Green Miles, Union Green Cards, Union Roof Top Solar Scheme etc; which encourage customers to adopt eco-friendly practices.

The Road Ahead: Green finance, which refers to financial instruments and services that promote sustainable and environmentally-friendly investments, faces several challenges that need to be addressed for it to be successful. Some of the key challenges in green finance include:

Lack of Awareness: One of the biggest challenges in green finance is the lack of awareness among investors and financial institutions about the importance of sustainable investments. Many investors are not aware of the long-term benefits of investing in green projects, while many financial institutions are not familiar with the concept of green finance.

Limited Availability of Green Investments: Another challenge is the limited availability of green investments. While several green investment options are available, the pool of green investments is relatively small compared to traditional investments, making it difficult for investors to diversify their portfolios.

High Investment Costs: Green projects often require significant investment costs, which can be a deterrent for some investors. The high cost of technology and infrastructure needed for green projects can make it difficult for companies to obtain financing.

Lack of Standardization: There is currently no universal standard for measuring the environmental impact of investments, making it difficult to compare the impact of different green investments. This lack of standardization can make it difficult for investors to assess the risks and rewards of green investments.

Regulatory Challenges: The lack of clear regulations and policies in some countries can make it difficult for investors to make informed decisions about green investments. In some cases, investors may not be able to access green investments due to regulatory constraints.

Market Risks: Green investments are subject to the same market risks as traditional investments, such as fluctuations in interest rates, inflation, and currency exchange rates. In addition, green investments may be exposed to additional risks, such as changes in environmental regulations and climate change.

Limited Access to Financing: Many green projects, particularly those in developing countries, have limited access to financing. This can be due to a lack of financial infrastructure, a lack of credit history, or other factors.

Addressing these challenges will require a concerted effort by governments, financial institutions, and investors. Governments can play a critical role in creating policies and regulations that support green investments, while financial institutions can develop innovative financial instruments and services that make it easier for investors to access green investments. Investors can also play a role by educating themselves about green finance and making informed investment decisions that support sustainability and the environment.

Overall, green finance is a critical element in the transition towards a more sustainable and low-carbon economy. It plays an important role in promoting environmentally friendly initiatives and reducing carbon emissions, while also providing opportunities for sustainable investment and economic growth. As the demand for sustainable and environmentally friendly projects and investments continues to grow, green finance is expected to become an increasingly important part of the financial landscape.

Gaurang Aggarwal
Union Learning Academy
Corporate & Treasury, Gurugram

Kintsugi

Have you heard of Kintsugi? It is a Japanese technique of repairing broken pottery with gold. This technique is over 400 years old, and instead of hiding the damage, it highlights the 'scars' as a part of the design. The idea is to embrace the flaws and imperfections, making the piece of art even more beautiful and unique.

To repair the broken pieces, one should use the sap from a native Japanese tree and glue them together carefully. The glued pieces are left to dry for a few weeks before being decorated with gold that runs along the cracks. Typically, it takes around three months to restore the broken pieces with gold. When we use this as a symbol for self-healing, we learn a valuable lesson: fixing broken things can create something even more exceptional, attractive, and strong. In a world where things are mass-produced and quickly discarded, we must learn to accept and appreciate our scars and imperfections. This lesson is about the importance of being both human and sustainable.

Kintsugi can transform our mindset towards challenges and inspire us to believe in our ability to conquer them. By embracing this technique, we can emerge from challenging situations even more resilient. To reach our full potential, it is essential to face difficult times. The Kintsugi technique follows the Japanese philosophy of Wabi-sabi, which appreciates the beauty of imperfections and embraces simplicity.

Wabi-sabi: Admire imperfection : It is natural for everyone to experience difficult times, and striving for a perfect life may not be realistic. In Japanese, "wabi" means loneliness, and "sabi" represents the passage of time. These two words teach us to accept both the good and bad aspects of ourselves and the asymmetry of life. When we embrace our imperfections, we learn to celebrate our strengths. We can adopt a more positive and empowering attitude by shifting our focus from striving for an unattainable ideal to recognizing our strengths.

We may consider incorporating the following Kintsugi practices into our daily life for guidance:

Gaman: Live with resilience : Gaman is the art of persevering, remaining patient and staying composed. We can develop the skill of mindfulness in our daily life by practicing meditation, visualization, or pausing to take a deep breath. By directing our attention to something as fundamental as our breath, we allow our minds to rest. We can cultivate resilience by choosing how we react to daily stressors. Practicing Gaman empowers us to connect with our inner strength and focus on our potential. By fortifying our internal resolve, we become more impervious to negativity.

Yuimaru: Care for our inner circle : Yuimaru believes in the healing power of friends and family. By caring for those closest to us, we can also learn to love and care for ourselves. Deepening our relationships can lead to greater self-kindness and a more robust support system, which can bring emotional rewards through giving and receiving.

Eiyoshoku: Nourish our body : Taking care of our bodies is the foundation for a positive mindset. We often make nutrition more complicated than it needs to be by overthinking what we should or should not eat. The food we eat directly impacts our body and mind connection. We benefit mentally and physically when we prioritize a simple, healthy diet. Neglecting our diet deprives us of the opportunity to refuel our bodies and minds. That is why nourishing from the inside out is crucial for self-care.

Kansha: Cultivate sincere gratitude : Gratitude is not just about the good things but also the demanding situations that make us better, more resilient, and more grateful. Expressing gratitude for both the good and the bad is called Kansha. This practice involves letting go of our ego and rethinking experiences to focus on the positive instead of the negative. Being grateful for what we have helps us heal faster and be more resilient. It also means living in the present moment and appreciating what we already have instead of wishing for more. To achieve wellness, we must practice resilience, overcome challenges, and strive to become the best version of ourselves, even with our imperfections.

Kintsugi, a pottery technique, teaches us to embrace fragility, build strength and resilience, and take pride in imperfections. We may adopt the Kintsugi Repair approach in our lives by:

1. Reflecting on our journey and where we currently stand.
2. Imagining a new lifestyle that acknowledges our past experiences.
3. Making the necessary changes with the proper support and acting on our choices.
4. Investing in our future with confidence and compassion.
5. Refreshing our mood and energy by adding some finishing touches.

Indu. P
Union Learning Academy
Strategy & Finance, Gurugram

व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पहलू

आपके करियर की सफलता और जीवन की उत्कृष्टता इस बात पर निर्भर करती है कि आपका व्यक्तित्व कैसा है. किसी व्यक्ति के जीवन में उसके व्यक्तित्व का विशेष महत्व होता है. यही वह गुण होता है जिससे कोई व्यक्ति दूसरों से अलग होता है, उसकी व्यक्तिगत विशिष्ट पहचान होती है. यदि आपका व्यक्तित्व आकर्षक है तो आपका जीवन भी शानदार होगा. ऐसा माना जाता है कि सूरत भले ही अच्छी न हो लेकिन सीरत अच्छी होनी चाहिए अर्थात अच्छी सीरत ही आपका अच्छा व्यक्तित्व होता है. किसी भी व्यक्ति के जीवन में तथा उसके करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए उसके व्यक्तित्व का विकास जरूरी होता है. व्यक्तित्व विकास से संबन्धित कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को इस प्रकार देख सकते है :-

प्रत्येक भूमिका के साथ प्राथमिक उत्तरदायित्व महत्वपूर्ण होता है: - हम सभी को अपने जीवन में अपने कार्यों में कई भूमिकाओं का निर्वहन करना होता है. भले ही हम अन्य पक्षों में कितना कुछ भी क्यों न करें यदि हम उस महत्वपूर्ण भूमिका से जुड़े प्रधान दायित्व को पूरा नहीं कर पाते तो हम अपनी भूमिका का निर्वहन करने में असफल हैं. किसी प्रबंधक का प्रधान कर्तव्य होता है संसाधनों के उचित प्रबंधन के साथ कार्य को पूरा करवाना. इसमें किसी प्रकार के समझौते की स्वीकृति नहीं होती है. यदि हम अपने सहकर्मी के साथ अपना शत प्रतिशत योगदान नहीं करते और दोस्ती निभाते हैं तो वह आपसे दोस्ताना माहौल पर प्रश्न नहीं करेगा किंतु वह आपके प्रबंधन क्षमता पर प्रश्न निश्चित रूप से करेगा. जब आप एक प्रबंधक हैं, तो कार्यालय में पहले आपको प्रबंधन कार्य देखना चाहिए और अपने कार्यालय के बाहर दोस्ती निभानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन की सभी भूमिकाओं में से पहले अपना प्रधान दायित्व पूरा करना चाहिए उसके बाद ही किसी अन्य बातों पर ध्यान देना चाहिए.

'समय की पाबंदी एवं अनुशासन' व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा है: - अगर आप अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको जीवन में समय की पाबंदी एवं अनुशासन रखना अत्यंत आवश्यक है. यदि आप लीडर बनना चाहते हैं तो आपको दूसरों के चरित्र में इस बदलाव के लिए अपने चरित्र का निर्माण करना होगा एवं उसका प्रदर्शन भी करना होगा. समय एवं अनुशासन पर निरंतर संवाद के बल पर किसी की मानसिकता बदली जा सकती है. जिस प्रकार मूर्तिकार नहीं जानता कि उसके हथौड़े की किस चोट के बाद पत्थर चटक जाएगा ठीक उसी प्रकार आप भी नहीं जानते हैं कि आपके संवाद के समय आपके कौन से वाक्य से सामने वाला प्रभावित हो और धीरे-धीरे उसकी मानसिकता बदल जाए. जीवन में आगे बढ़ने के लिए समय के मूल्य, समय की पाबंदी तथा अनुशासन के मूल्य को समझना एक अनिवार्य पहलू है.

कर्म के माध्यम से ही प्रगति संभव है :- अपने कर्म के माध्यम से ही हम प्रगति कर सकते हैं. कर्म से अधिक कोई भी वस्तु हमें विकसित नहीं कर सकती. इसका एक जीवंत उदाहरण है कि डेव एंडरसन और जिम मर्फी एक ही दिन अमेरिकन रेलवे में भर्ती हुए. 20 वर्षों के बाद भी डेव वही नौकरी कर रहे थे पर जिम रेलवे के चेयरमैन बन गए थे. डेव ने कहा मैं प्रति घंटा 1.75 डॉलर के लिए काम करने आता रहा और जिम अमेरिकी रेलवे के लिए काम करते थे. बस यही सबसे बड़ा अंतर बन गया. आप अपने लक्ष्य को पाने के दौरान जो प्राप्त करते हैं वह उसकी तुलना में बहुत तुच्छ होता है कि आप अपने लक्ष्य पाने के दौरान क्या बन गए और यह बात पुरस्कार और सम्मान की बात से बहुत ऊपर की होती है. जिस काम को करने से आपको आंतरिक अभिव्यक्ति और आंतरिक संतुष्टि प्राप्त होती है उसे ही वास्तविक खुशी माना जाता है. जब आपका काम और उसका परिणाम संसार के लिए उपयोगी हो जाता है तो आप अपने कर्मों के माध्यम से जीवन का उद्देश्य प्राप्त कर लेते हैं.

कठिन परिस्थितियां आपका व्यक्तित्व गढ़ती है: - जो भी अपने जीवन में उच्च शिखर पर गया है उसने कभी न कभी कठिन समय का सामना अवश्य किया है. वास्तव में एक अच्छे व्यक्तित्व के लिए कठिन परिस्थितियां एक प्रशिक्षण स्थल होता है, यहां आप जीवन में संघर्ष करते हैं और संघर्ष में प्रगति छिपी होती है. यदि आप असफल होते हैं तो असफलताओं से भी आप जीवन के कुछ बेहतर सबक सीखते हैं जो कि आप सफलता प्राप्त करने के साथ नहीं सीख सकते हैं. आप जिन बाधाओं का सामना करते हैं उसके साथ आपके चरित्र की दृढ़ता सामने आती है और आपके बेहतरीन चरित्र का निर्माण होता है तथा आप सफलता के बेहतरीन आयाम को प्राप्त करते हैं.

अपने व्यक्तिव विकास के लिए सुविधाजनक क्षेत्र से बाहर आना आवश्यक :- अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए आपको सुविधाजनक दायरों की दीवारों को तोड़ना होगा. सुविधाजनक दायरे से बाहर निकलने के बाद ही आप अपने जीवन के उच्च स्तर को प्राप्त कर सकते हैं. जो खुद में बदलाव नहीं ला सकता उसका विकास होना भी संभव नहीं है और जो विकास नहीं करता वह शीघ्र समाप्त हो जाता है. यदि इस पृथ्वी पर पहले आने वाले व्यक्ति अपने ही सुविधाजनक दायरे में बंधे रहने का निर्णय लिए रहते हैं तो हमारे पास जो सुविधाएं मौजूद हैं संभवत: वह आज नहीं होती. हम जब अपने सुविधाजनक क्षेत्र से बाहर आयेंगे, उसका विस्तार करेंगे तभी हम अपने जीवन का विस्तार कर सकते हैं.

वास्तव में जो व्यक्ति जीवन में कुछ करके दिखाना चाहता है यह संसार उस व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति के लिए मार्ग बनाता है और उस व्यक्ति के रास्ते से सारी बाधाएं स्वयं ही हटने लगती हैं. जब आप ऐसे काम करते हैं जो आपने पहले कभी नहीं किया है तभी आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है. जो काम आप नहीं कर सकते उसे करने का प्रयास करना ही वास्तविक चुनौती होती है. जब आप अपने सुविधाजनक क्षेत्र की सीमा से बाहर आते हैं तो आपको अपने ऊपर विश्वास उत्पन्न होने लगता है और आप अपने व्यक्तित्व के बेहतरीन आयाम को प्राप्त करने लगते हैं. यदि आप जीवन में बदलाव चाहते हैं, अपने जीवन स्तर को सुधारना चाहते हैं तो आपको अपनी कार्यप्रणाली में एवं कार्य निष्पादन में सुधार करना होगा. एक अच्छा कार्य निष्पादन एक अच्छी मानसिकता की उपज होती है.

मो. जावेद अर्शद
क्षे.का.,मुंबई ठाणे

समाचार (केन्द्रीकृत)

दि. 26.01.2023 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान बैंक की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुश्री ए. मणिमेखलै द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. साथ में कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन, श्री निधु सक्सेना, श्री रामसुब्रमणियन एस तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री उमेश कुमार सिंह और मुख्य सुरक्षा अधिकारी, ले. कर्नल संजय कुमार एवं गार्ड श्री संतोष जाड़े उपस्थित रहे.

दि. 19.01.23 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने टाटा हिताची के ग्राहकों को उपस्कर वित्त प्रदान करने हेतु श्री आलोक कुमार, क्षे.म. प्र., बेंगलुरू तथा श्री के. सोमस्कंदन सीएफ़ओ, मेसर्स टाटा हिताची कंस्ट्रक्सन मशीनरी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

दि. 08.03.23 को बैंक द्वारा ट्रायडेंट होटल, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै द्वारा की गई.

दि. 10.02.23 को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए मणिमेखलै ने 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2023' में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वॉयस बैंकिंग समाधान "युवा" का लोकार्पण किया.

दि. 30.01.23 को रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय दिल्ली में अग्निवीरों सहित नौसेना के कर्मचारियों के वेतन खातों के लिए श्री आर. के. जगलान, म.प्र., जीबीआरडी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा कमांडर संदीप के. वर्मा, एसएमडीई (P&A) एवं सीडीआर मोहित काबरा की उपस्थिति में भारतीय नौसेना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

दि. 04.03.23 को 'एम्पावर हर' पहल के तहत महिला अधिकारों और समानता के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु महिला मैराथन का आयोजन किया गया.

इंस्टीट्यूट्स ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग 2021-22 में उत्कृष्टता हेतु प्रदान किए गए आईसीएआई पुरस्कारों के अंतर्गत 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों' की श्रेणी में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वर्ष 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल वित्तीय विवरणों के लिए गोल्ड शील्ड से सम्मानित किया गया. यह सम्मान श्री एस के दाश, म.प्र (कंपनी सचिव) श्री पी के सामल, सीएफ़ओ तथा श्री गिरीश चन्द्र जोशी, क्षे.म.प्र., वाराणसी द्वारा प्राप्त किया गया.

दि. 26.01.23 को गोरखपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर क्षे. प्र. श्री रंजीत सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा बैंक में श्रेष्ठ कार्य निष्णादन करने वाले सशस्त्र प्रहरियों को क्षे. प्र. द्वारा सम्मानित किया गया.

दि. 26.01.23 को क्षे. प्र., हल्द्वानी श्री गौरव कुमार, उप क्षे. प्र. श्री कमलेश बर्गली ने क्षे. का. हल्द्वानी के स्टाफ के साथ गणतन्त्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया.

दि. 14.02.23 को क्षे. का., दिल्ली (मध्य) के क्षे. प्र., श्री गोविंद मिश्रा की उपस्थिति में 'एम्पावर हर' पहल के तहत निगम प्रतिभा विद्यालय (प्राथमिक कन्या स्कूल) में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया तथा एलसीडी प्रोजेक्टर, प्रिंटर, 3 अलमारी और 30 कुर्सियां दान की गई.

दि. 18.03.23 को मऊ क्षेत्र के अंतर्गत खैराबाद शाखा के नए परिसर का उद्घाटन क्षे.म.प्र., वाराणसी श्री गिरीश चंद्र जोशी द्वारा किया गया. साथ में क्षे. प्र. श्री मिथिलेश कुमार, अन्य स्टाफ सदस्य एवं शाखा के सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे.

दि. 13.01.23 को श्री सुमित श्रीवास्तव, क्षे.म.प्र. लखनऊ की अध्यक्षता में कानपुर क्षेत्र के समस्त शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर क्षे. प्र. कानपुर श्री संजीव कुमार एवं क्षेत्राधीन शाखा प्रमुख गण भी उपस्थित रहे.

दि. 19.03.23 को 'पॉवर हिम' अभियान के तहत क्षे. का. हल्द्वानी के क्षे. प्र. श्री गौरव कुमार, उप क्षे. प्र. श्री कमलेश बर्गली के साथ क्षेत्र के अन्य स्टाफ सदस्यों ने योग अभ्यास किया.

दि. 23.01.23 को क्षे. का. दिल्ली (मध्य) द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती बीना वाहिद, क्षे.म.प्र., विशिष्ट अतिथि श्री प्रफुल्ल कुमार सामल, मुख्य वित्तीय अधिकारी, केंद्रीय कार्यालय मुंबई, श्री गोविद मिश्रा, क्षे. प्र., दिल्ली-मध्य की उपस्थिति में आउटरीच अभियान का आयोजन किया गया.

दि. 21.03.23 को क्षे.का. रायपुर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 'एम्पावर हर' के तहत पाँडरी शाखा के महिला स्वयं सहायता समूह को श्री रूप लाल मीणा क्षे.म.प्र. भोपाल एवं श्रीमती कविता श्रीवास्तव, क्षे. प्र. द्वारा सिलाई मशीन वितरण किया गया.

दि. 19.03.23 को श्री रूप लाल मीणा, क्षे.म.प्र., भोपाल द्वारा यूनियन एमएसएमई फ़र्स्ट शाखा, रायपुर का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती कविता श्रीवास्तव, क्षे. प्र., रायपुर, श्री सौरभ चफेकर, उप क्षे. प्र. श्री के के ओझा, शाखा प्रमुख एवं अन्य स्टाफ एवं ग्राहक गण उपस्थित रहे.

क्षे. का. राँची द्वारा दि. 14.03.23 को 'एम्पावर हर' योजना के तहत आर्मी स्कूल दीपटोली को वॉटर प्यूरिफायर कम कूलर प्रदान किया गया. मौके पर आर्मी स्कूल के प्रिंसिपल श्री अभय कुमार सिंह, क्षे. म.प्र. श्री ज्ञान रंजन सारंगी, क्षे. प्र. श्रीमती सोनालिका, एम्पवार हर समिति के नोडल अधिकारी सहायक महाप्रबन्धक.

क्षे. का. राँची द्वारा 13 जनवरी 2023 को क्षेत्राधीन सभी 68 शाखाओं हेतु भौतिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उप अंचल प्रमुख श्री विकास कुमार सिन्हा ने की साथ ही राँची क्षेत्र के मेंटर जीएम श्री सीवी मंजूनाथ वर्चुअल माध्यम से जुड़े. क्षे. प्र. श्रीमती सोनालिका, उप क्षे. प्र. श्री मुकेश कुमार एवं एमएलपी प्रमुख श्री भास्कर मण्डल ने शाखाओं की समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता शाखा प्रमुखों को पुरस्कृत किया.

दि. 06.03.23 को 'एम्पावर हर' कार्यक्रम के अंतर्गत क्षे.का., मऊ में क्षे. प्र. श्री मिथिलेश कुमार द्वारा महिला स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया.

दि. 24.01.2023 'एम्पावर हर' अभियान के तहत क्षे. का., रीवा द्वारा उप महाप्रबंधक, श्री मोहन दास के. का. एवं क्षे. प्र. मार्कण्डेय यादव की गरिमामय उपस्थिति में इंटीग्रिटी स्कूल, रीवा में बैग वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

जिला प्रशासन रीवा द्वारा दि. 23.02.2023 को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की तीन शाखाओं, विश्वविद्यालय शाखा, सिरमौर चौराहा शाखा, चोरहटा के शाखा प्रमुखों को शासकीय स्वरोजगार योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करते हुए जिलाधिकारी रीवा, मनोज पुष्प एवं क्षे. प्र. मार्कण्डेय यादव.

दि. 28.02.2023 को गंगटोक में नाबार्ड व सिक्किम स्थित बैंकों द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के दौरान गैंगटोक स्थित चिंतन भवन में माननीया वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारामन, भारत सरकार एवं श्री प्रेम सिंह तामाङ, मुख्यमंत्री, सिक्किम के कर-कमलों से सिक्किम क्षेत्र में स्टैंड अप इंडिया योजना के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों को चेक प्रदान किया गया. इस कार्यक्रम में क्षे. प्र. श्री असीम पाल एवं गैंगटॉक शाखा प्रमुख श्री दयानंद थाती उपस्थित रहे.

दि. 09.02.23 को 'एम्पावर हर' कार्यक्रम के तहत क्षे.का., दुर्गापुर द्वारा हाटगोबिंदपुर में स्वयं सहायता समूह महिला सदस्यों की आर्थिक सहायता हेतु 07 सिलाई मशीनें प्रदान की गईं तथा इस अवसर पर रु 50 लाख तक का ऋण स्वयं सहायता समूह महिला सदस्यों को स्वीकृत और वितरित किया गया. इस अवसर पर श्री भवेश प्रकाश, क्षे. प्र., श्री अविनाश अग्रवाल, उप क्षे. प्र. और स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 01.03.23 को कालिम्पोंग में ऋण मेला का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री शेखर कुमार चौधरी, (आईएएस) कालिम्पोंग के कर-कमलों से कालिम्पोंग शाखा के सम्माननीय ग्राहकों को ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गया. कार्यक्रम में क्षे.म.प्र., कोलकाता श्री जी के सुधाकर राव, एवं क्षे. प्र. श्री असीम कुमार पाल एवं कई स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 28.02.23 को माननीया वित्त मंत्री, भारत सरकार, श्रीमती निर्मला सीतारामन एवं श्री प्रेम सिंह तामाङ, मुख्य मंत्री, सिक्किम ने गंगटोक में नाबार्ड व सिक्किम स्थित बैंकों द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के दौरान हमारे बैंक के एक स्टाल पर कुछ समय रुक कर हमारे बैंक के ग्राहक से बात की और अपने सोशल मीडिया एकाउंट से भी इस क्षण को साझा किया.

दि. 27.02.23 को क्षे.म.प्र. कोलकाता श्री जी के सुधाकर राव द्वारा क्षे. का. सिलीगुड़ी के अंतर्गत स्थित शाखाओं के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर अच्छा कारोबार करने वाली शाखाओं को पुरस्कृत किया गया.

दि. 23.01.23 को अंचल कार्यालय भुवनेश्वर में 'आउटरीच कार्यक्रम' की निगरानी हेतु कें. का. से मार्गदर्शक के रूप में तैनात महाप्रबंधक श्रीमती अन्नपूर्णा तथा उप महाप्रबंधक श्री अजय कुमार, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय के स्टाफ-सदस्यों को संबोधित करते हुए.

दि. 24.02.23 को क्षे. का. द्वारा उप क्षे. प्र. श्री अशोक मिश्र की उपस्थिति में क्षे. का. के सभी स्टाफ सदस्यों के साथ 'कैंसर जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कैंसर संबंधी जानकारी देने के लिए सर्जिकल ओंकोलोजी, एमएस, एमएच डॉ नितीश रंजन आचार्या मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

दि. 07.03.23 को 'एम्पावर हर' कार्यक्रम के अंतर्गत क्षे. का., संबलपुर ने मानसिक बीमारी से ग्रस्त महिलाओं के लिए 'मिसनरी ऑफ चैरटी' टर्स्ट के द्वारा 'आशा' नामक आश्रय गृह एवं पुनर्वास केंद्र हेतु भोजन की व्यवस्था की. साथ ही शौचालय एवं बाथरूम हेतु नए दरवाजे लगाए गए एवं चादर दान किए गए. क्षे. का. एवं 'एम्पावर हर' समिति के सदस्यों के साथ क्षे. प्र., श्री पंकज कुमार कपसिमे उपस्थित रहे.

दि. 29.03.23 को क्षे. का. भुवनेश्वर द्वारा सीएसआर गतिविधियों में 'एम्पावर हर' के तहत केंद्रीय विद्यालय-2, को क्षे. प्र. श्री सत्यबान बेहेरा द्वारा महिला अधिकारिता समिति की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अंजन कुमार खटुआ को स्मार्ट कक्षा के उपकरण जैसे प्रोजेक्टर, कंप्यूटर और सम्बद्ध उपकरण प्रदान किए गए.

दि. 29.03.23 को केशपुर शाखा (ब्रह्मपुर क्षेत्र) का उद्घाटन क्षे. प्र. श्री सत्यब्रत सामल ने किया. इस अवसर पर उप क्षे. प्र., श्री रामचंद्र बेहेर दलाई एवं मुख्य प्रबंधक वेंकट रबण बेहेरा के साथ-साथ अन्य स्टाफ सदस्य और ग्राहक उपस्थित रहे.

दि. 29.03.23 को क्षे. का., रायगड़ा की तरफ से अंचल लेखा परीक्षा प्रमुख, भुवनेश्वर श्री सुशील कुमार पाणिग्रही एवं क्षे. प्र. श्री तपन कुमार साहु के द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में स्कूल बैग का वितरण किया गया.

दि. 20.01.23 को क्षे. का., संबलपुर में श्री सर्वेश रंजन, क्षेमप्र की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. मंचासीन कार्यपालक श्री पंकज कुमार, क्षे.प्र. संबलपुर तथा श्री हरेंद्र कुमार, उप क्षे. प्र. संबलपुर.

दि. 24.03.23 को क्षे. का., बालेश्वर द्वारा बैंक की 'एम्पॉवर हर' पहल के अंतर्गत सत्यसाई विद्या मंदिर के बालिका छात्रावास में वाटर प्यूरीफायर दान किया गया. इस अवसर पर मीडियाकर्मी से बातचित करते क्षे. प्र., श्री निरंजन बारिक साथ में उप क्षे. प्र., श्री गजेन्द्र नाथ दास.

समाचार (पश्चिम)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षे. का. मुंबई (ठाणे) ने 3 से 6 फरवरी 2023 तक क्रेडाई-एमसीएचआई ठाणे द्वारा रेमंड ग्राउंड ठाणे पश्चिम में आयोजित 20वां रियल इस्टेट एचएफ़सी एक्स्पो 2023 में अपने प्रॉडक्ट की प्रदर्शनी लगाई. महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान श्री कपिल देव यूनियन बैंक के स्टॉल पर पधारे तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बधाई दी.

दि. 27.01.2023 को बढ़ते ग्राहक आधार की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुश्री ए मणिमेखलै एम डी एवं सीईओ द्वारा पुणे (पूर्व) के नए क्षे. का. भवन का उद्घाटन किया गया. साथ में क्षे. प्र. श्री नवनीत दत्ता एवं अन्य कार्यपालक गण उपस्थित रहे.

दि. 23.01.23 को आरएलपी ठाणे के नए परिसर का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक श्री रजनीश कर्नाटक के कर-कमलों द्वारा किया गया. इस अवसर पर क्षे.म.प्र. मुंबई श्री योगेन्द्र सिंह, मु.म.प्र. लार्ज कॉर्पोरेट वर्टिकल श्री अभिजीत बसाक, क्षे.प्र. मुंबई ठाणे श्रीमती रेणू के नायर, उ.म.प्र. (मा.सं.) डॉ चेतना पांडे और आरएलपी प्रमुख श्री मनीष सिंह सहित आरएलपी के स्टाफ सदस्य मौजूद थे.

दि. 06.02.23 को कार्यपालक निदेशक, श्री रजनीश कर्नाटक की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय अहमदाबाद में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.

दि. 23.01.23 को क्षे. का. बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन, क्षे.म.प्र., अहमदाबाद श्री विट्ठल बनशंकरी एवं क्षे. प्र. श्री सत्यजीत महांती की उपस्थिति में एमएसएमई कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया.

दि. 23.01.23 एवं 24.01.23 को क्षे. का. मुंबई (ठाणे) द्वारा मुलुंड शाखा में आयोजित आउटरिच कैम्पेन कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक श्री रजनीश कर्नाटक के कर-कमलों द्वारा किया गया. इस अवसर पर क्षे.म.प्र., मुंबई श्री योगेन्द्र सिंह, मु.म.प्र., लार्ज कॉर्पोरेट वर्टिकल श्री अभिजीत बसाक, क्षे.प्र. मुंबई ठाणे श्रीमती रेणू के नायर, उ.म.प्र. (मा.सं.) श्रीमती डॉ चेतना पांडे एवं मुलुंड में स्थित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुखगण मौजूद थे.

दि 23.01.2023 को क्षे का, अमरावती द्वारा, श्री सुदर्शन भट्ट, महाप्रबन्धक, कें.का, मुंबई के मार्गदर्शन में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया. क्षे. प्र. श्री अनूप तराले, उप क्षे. प्र. श्री प्रमोद ठाकुर और शाखाओं के शाखा प्रबन्धक उपस्थित रहे.

दि. 01.02.2023 को बदलापुर शाखा (ठाणे क्षेत्र) के नए परिसर का उद्घाटन क्षेत्र मुख्य महाप्रबंधक मुंबई, श्री योगेन्द्र सिंह के कर-कमलों से हुआ. क्षे. प्र. सुश्री रेणु नायर, बदलापुर शाखा प्रमुख श्री लक्ष्मीनारायण सिंह एवं अन्य शाखा प्रमुख भी उपस्थित थे.

पुणे पीएमसी के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षे. म. प्र. का., पुणे ने शहर के अंदर चलने वाली सभी बसों का बस ब्रांडिंग किया, इस मौके पर क्षे. म. प्र. का., के अंचल प्रमुख श्री कबीर भट्टाचार्य एवं उप अंचल प्रमुख श्री मयंक भारद्वाज द्वारा हरी झंडी दिखा कर बसों को रवाना किया.

दि. 01.03.2023 को क्षे. का., अमरावती में क्षे.म.प्र. श्री कबीर भट्टाचार्य द्वारा क्षे. का., अमरावती के नवीन परिसर का उद्घाटन किया गया. इस दौरान क्षे.प्र. श्री अनूप तराले, उप क्षे.प्र. श्री प्रमोद ठाकुर स.म.प्र. श्री संजय कुमार, क्षे. का., और शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

दि. 08.03.2023 को क्षे. का., नासिक द्वारा 'कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व' के अंतर्गत सुश्री स्वरांजली पिंगले, उप मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी, जिला परिषद, नासिक एवं क्षे. प्र., श्री सुमेर सिंह, के कर-कमलों से सिलाई मशीन का वितरण किया गया.

समाचार (दक्षिण)

दि. 11.01.23 को आंध्र प्रदेश राज्य के मुख्य मंत्री श्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी एवं श्री नवनीत कुमार, क्षे.म.प्र. विजयवाड़ा व संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एवं अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राहकों को 'जगनन्न तोडु' ऋण योजना के अंतर्गत वर्ष 2023 हेतु विभिन्न ऋण योजनाओं की घोषणा आंध्र प्रदेश सेक्रेटरियट में किया गया.

दि. 10.03.23 को राज्य स्तरीय बैंकेर्स समिति (एस एल बी सी) आंध्रप्रदेश की 222 वीं बैठक आंध्रप्रदेश के मुख्य मंत्री श्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, ए मणिमेखलै, एम.डी. एवं सीईओ व अध्यक्ष (एस एल बी सी), श्री नवनीत कुमार, क्षे.म.प्र. विजयवाड़ा व संयोजक (एस एल बी सी), एवं अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंध्रप्रदेश राज्य के सचिवालय में संपन्न हुई.

दि. 20.03.23 को सीएसआर गतिविधि के तहत क्षे.का., बेंगलूरु (उत्तर) द्वारा प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सुश्री ए. मणिमेखलै की उपस्थिति में अजय सरकारी स्कूल, बाशेट्टीहल्ली, दोड्डबल्लापुर को वॉटर कूलर एवं प्यूरिफायर तथा प्रथमिक स्कूल, बिसुवनहल्ली, दोड्डबल्लापुर में बच्चों के लिए स्कूल बैग तथा किचन सामग्री प्रदान किया गया.

दि. 20.03.23 को दोड्डबल्लापुर, क्षे. का., बेंगलूरु (उत्तर) में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सुश्री ए मणिमेखलै द्वारा एसटीपी के माध्यम से डिजिटल केसीसी की शुरुआत की गई. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन एवं क्षे.म.प्र., बेंगलूरु श्री आलोक कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 17.02.23 को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै द्वारा बेंगलूरु अंचल के कारोबार की समीक्षा बैठक की गई, इस अवसर पर क्षे.म.प्र श्री आलोक कुमार सहित अंचलाधीन क्षे. का. के क्षे. प्र. एवं शाखा प्रमुख उपस्थित थे.

दि. 18.03.22 को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड का डिजिटल लॉंच किया गया, इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन, अंचल प्रमुख श्री आलोक कुमार, श्री सम्पत राम (वरिष्ठ वैज्ञानिक,एनआईसी), श्री शकील अहमद, निदेशक (FRUITS-Farmer Registration and Unified beneficiary Information System)-, श्री राजेश बंसल (सीईओ, आरबीआई-एच, भारतीय रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब), श्री रजनीश खरे (सीडीओ) सहित क्षे. प्र. बेंगलूरु (द) श्री वेद प्रकाश अरोड़ा, क्षे. प्र. बेंगलूरु (उ) श्री मनोहर एम.आर. सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 23.01.23 को मंगला सेवा समिति ट्रस्ट (बच्चों के लिए अनाथालय) में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सुश्री ए मणिमेखलै ने 95 बच्चों को स्कूल बैग और किट वितरित किए तथा सोलार पैनल की स्थापना के लिए ₹4,00,984/- का चेक प्रदान किया. इस कार्यक्रम में कें. का. से मु.म.प्र. डीएमडी, श्री प्रवीण शर्मा, मु.म.प्र. एमएसएमई, श्री सी एम मिनोचा, म.प्र. खुदरा आस्ति विभाग, श्री संजय नारायण, महा प्रबंधक सहायक सेवाएँ विभाग, श्री जी बी मिश्रा एवं मंगलूरु अंचल के वरिष्ठ कार्यपालक गण भी उपस्थित थे.

दि. 01.02.23 को 'एम्पॉवर हर' पहल के तहत क्षे. का., बेलगावी ने स्वामी विवेकानंद सेवा प्रतिष्ठान, बेलगावी में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए मणिमेखलै के कर कमलों से स्कूल बैग और डायपर दान किए. इस अवसर पर मु.म.प्र. (एलसीवी) श्री अभिजीत बसाक, उ.म.प्र., सुश्री माधवी वी, क्षे.प्र. बेलगावी, डॉ. प्रकाश टी और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 23.01.23 को मंगलूरु अंचल की कारोबारी समीक्षा बैठक का आयोजन प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए मणिमेखलै की अध्यक्षता में किया गया. साथ में मु.म.प्र. डीएमडी, श्री प्रवीण शर्मा, मु.म.प्र. एमएसएमई, श्री सी एम मिनोचा, म.प्र. खुदरा आस्ति विभाग, श्री संजय नारायण एवं मंगलूरु अंचल के वरिष्ठ कार्यपालक गण भी उपस्थित थे.

दि. 30.01.23-01.02.23 तक संकाय सम्मेलन-2023 आयोजन के अवसर पर स्टा. महा., बेंगलूरु में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै ने उपस्थित समस्त संकाय सदस्यों को संबोधित किया. श्रीमती एस. अन्नपूर्णा, म.प्र. (मा.सं. ज्ञानार्जन व विकास) प्राचार्य श्री ह्रषीकेश मिश्रा, उ.म.प्र. कें. का. डॉ चेतना पाण्डेय उपस्थित रहे.

दि. 10.03.23 को सुश्री ए मणिमेखलै, एम डी एवं सीईओ द्वारा विजयवाड़ा स्थित बीसी वेलफेयर हॉस्टल पर वुमेन को स्टेनलेस स्टील वाटर कूलर और सीलिंग फैन दान दिया. इस कार्यक्रम में क्षेमप्र विजयवांडा श्री नवनीत कुमार, क्षे.प्र. विजयवाड़ा श्री रजनीकांता राव और अन्य उपस्थित रहे.

दि. 10.02.23 को कार्यपालक निदेशक श्री रजनीश कर्नाटक द्वारा बेंगलूरु दक्षिण की आनेकल शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर क्षे.म.प्र श्री आलोक कुमार, क्षे.प्र. श्री वेद प्रकाश अरोड़ा, शाखा प्रमुख सहित शाखा एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 31.01.23 को स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूरु के प्रांगण में बैंक की प्रबंध निदेशक व सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै के कर-कमलों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया. श्रीमती एस. अन्नपूर्णा, म.प्र. (मा.सं. ज्ञानार्जन व विकास) प्राचार्य श्री ह्रषीकेश मिश्रा, श्रीमती माधवी वी., उ.म.प्र., व डॉ चेतना पाण्डेय, उ.म.प्र., भी उपस्थित रहे.

दि. 10.03.23 को क्षे.म.प्र. विजयवाड़ा श्री नवनीत कुमार एवं अन्य कार्यपालकों की उपस्थिति में सुश्री ए मणिमेखलै, एम.डी. एवं सीईओ, के कर कमलों द्वारा गुणदाला, विजयवाड़ा में बी सी वेलफेयर हॉस्टल में छात्राओं को कॉलेज बेग वितरित किए गए.

दि. 12.01.23 को स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूरु में "खुला व्यायामशाला" का फीता काटकर बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री रजनीश कर्नाटक द्वारा उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्यों व प्रतिभागियों के साथ श्री ह्रषीकेश मिश्रा, प्राचार्य, श्री टाटा वेंकट वेणुगोपाल, म. प्र., श्री लाल सिंह, मु.म.प्र. (मा.सं.) व श्रीमती एस. अन्नपूर्णा, म.प्र. (मासं-ज्ञानार्जन व विकास) भी उपस्थित रहे.

दि. 03.03.2023 को विशाखपट्टणम में आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट - 2023 में केंद्रीय कार्यालय से श्री रामसुब्रमणियन एस, कार्यपालक निदेशक तथा श्री राजीव मिश्रा, मु.म.प्र ने भाग लिया. साथ हैं विशाखपट्टणम अंचल से श्री के एस डी शिव वर प्रसाद, क्षे.म.प्र, श्री पी सिंहाचलम, उप अं.प्र और अंचलाधीन क्षेत्रों के क्षेत्र प्रमुख.

दि. 02.03.23 को क्षे.का., त्रिवेन्द्रम द्वारा केरल सरकार की पहल के तहत, कृषि में एक मूल्य शृंखला विकसित करने हेतु वैगा-2023 कार्यक्रम में क्षे. प्र., श्री सुजीत एस. तारिवाल, उप क्षे. प्र., श्री एन. सनल कुमार की उपस्थिति में कृषि स्टॉल स्थापित किया गया.

दि. 15.02.23 को रुद्रवरम शाखा (करीमनगर क्षेत्र) के नये परिसर का उद्घाटन क्षे.मु.म.प्र. श्री सुरेश चंद्र तेली, एवं क्षे. प्र. श्री एम अरुण कुमार द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में उप क्षे. प्र., अग्रणी जिला प्रबंधक एवं अन्य कार्यपालक गण उपस्थित रहे.

दि. 27.02.23 को (मानव संसाधन) श्री जी.एन. दास द्वारा स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूरु में पौधारोपण किया गया. महाप्रबंधक (मासं-ज्ञा. व वि.) सुश्री अन्नपूर्णा एस. व प्राचार्य श्री ह्रषीकेश मिश्रा की उपस्थित में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ श्रीमती सौम्या श्रीधर, उप महाप्रबंधक भी उपस्थित रही.

दि. 15.02.23 को जगित्याल कलेक्टरेट (करीमनगर क्षेत्र) नई शाखा का उद्घाटन क्षे.मु.म.प्र. श्री सुरेश चंद्र तेली, कलेक्टर शेख यासमिन बाशा एवं क्षे. प्र. श्री एम अरुण कुमार के द्वारा हुआ. इस कार्यक्रम में क्षे. का., करीमनगर के दोनों उप-क्षे. प्र., अग्रणी जिला प्रबंधक, जगित्याल एवं अन्य कार्यपालक गण उपस्थित रहे.

दि. 04.01.23 को यूनियन बैंक आफ इंडिया के स्टाल का उद्घाटन श्री अश्विन मार्गम, उपाध्यक्ष, नुमाइश सोसाइटी द्वारा किया गया. श्री के श्रीधर बाबु क्षे.प्र. सैफबाद, क्षे.प्र. श्री के डुंडीश्वर राव, क्षे. का. पंजागुट्टा और श्री कोटा अजय पॉल, उप अं.प्र उपस्थित रहे.

दि. 6.02.2023 को कोझीकोड़ में श्री रवींद्र बाबु, क्षेमप्र, मंगलूरु की अध्यक्षता में शाखा प्रमुखों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. सुश्री सीएमए रोसलिन रोड्रिगस क्षे. प्र. एवं श्री सरजू कुमार पाधी, मुख्य प्रबंधक, ऋण मंचासीन हैं

दि. 06.03.23 को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत क्षे. का. हैदराबाद कोटी द्वारा सी रामचंद गर्ल्स हाई स्कूल, हैदराबाद में 'एम्पॉवर हर' कार्यक्रम में स्कूल को जरूरी वस्तुओं का वितरण किया गया. कार्यक्रम में क्षे. प्र. हैदराबाद कोटी- श्री प्रमोद कुमार रेड्डी, उप क्षे. प्र. -श्रीमती एम. माणिक्येश्वरी, सी. रामचंद गर्ल्स हाई स्कूल की अध्यक्ष -सुश्री वेंकम्मा, मुख्य अध्यापिका- एस जयाप्रदा और स्नातक कॉलेज के सचिव श्री सुधाकरुडु भी शामिल रहे.

दि. 11.01.23 को मानाश्शेरी शाखा (कोषिक्कोड क्षेत्र) के एटीएम का उद्घाचन करते हुए डॉ नवास के एम, अध्यक्ष केएमसीटी ग्रूप एवं श्री टी ए नारायणन, क्षे. प्र., कोषिक्कोड. साथ में उपस्थित हैं श्री अजय मोहन, शाखा प्रमुख एवं अन्य स्टाफ सदस्य.

दि. 06.02.2023 को जेड सी सी हैदराबाद के स्टाफ ने क्षे.म.प्र. श्री सुरेश चंद्र तेली की उपस्थिति में समाधान के अंतर्गत 10000 मामलों के सफल निपटान के अवसर पर जश्न मनाया.

दि. 10.02.23 को क्षे. का., एर्णाकुलम की कुमारपुरम शाखा के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए श्री टी एम वर्गीस (उत्कृष्ट शिक्षक हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता). श्री एम रवीन्द्र बाबू, क्षे.म.प्र., मंगलूरु; श्री मंजुनाथस्वामी सी जे, क्षे. प्र., एर्णाकुलम तथा पंचायत अध्यक्ष नीतामोल एम वी उपस्थित थे.

दि. 29.03.23 को क्षे. का., एर्णाकुलम द्वारा जनरल अस्पताल के ट्रॉमा केयर यूनिट के लिए प्रदत्त डक्टेबल एसी यूनिट का विधिवत् उद्घाटन करते हुए श्री एन एस के उमेश, जिला कलेक्टर एर्णाकुलम, क्षे. प्र. श्री मंजुनाथस्वामी सी जे, एर्णाकुलम जेनरल अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर शहीर शा, शाखा प्रमुख तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

व्यंजन

कुलुक्की शरबत

गर्मी में रोज पिएं केरल का फेमस कुलुक्की शरबत

आवश्यक सामग्री : चिया सीड्स : 1/2 चम्मच, नारियल पानी : 4 कप, जैगरी पाउडर : 1/4 चम्मच, नींबू : 1, नमक : स्वादानुसार, हरी मिर्च : 1, अदरक : थोड़ा-सा, पुदीना : 8-10 पत्रे, बर्फ : 2.

कैसे बनाएं कुलुक्की शरबत : कुलुक्की शरबत बनाने के लिए सबसे पहले चिया सीड्स को 15-20 मिनट के लिए भिगोकर रख दें. अब एक गिलास में नारियल पानी डालें. इसमें नींबू का रस निचोड़ लें.इसमें जैगरी पाउडर, नमक और चिया सीड्स डाल दें. इसके बाद हरी मिर्च काटकर डालें. आप चाहें तो अदरक का रस भी इसमें डाल सकते हैं. अगर आपको अदरक का स्वाद पसंद नहीं है तो आप इसे स्किप भी कर सकते हैं. इसके बाद इसमें गार्निशिंग के लिए पुदीने के पत्ते डालें. आखिर में बर्फ के टुकड़े डालकर सर्व करें और खुद भी पिएं.

कुलुक्की शरबत के फायदे : शरीर को दे ठंडक, पोषक तत्वों से भरपूर है कुलुक्की शरबत, हड्डियां बनाएं मजबूत, वजन कम करने में फायदेमंद, पेट के रोग करे दूर, इम्यूनिटी बढ़ाए कुलुक्की शरबत.

सिद्धार्थ चन्द्र
क्षे. का. नागपुर

हेल्थ टिप्स

आंतरायिक उपवास (इंटरमिटेंट फास्टिंग)

आंतरायिक उपवास हाल ही के वर्षों में वसा हानि रणनीति के बारे में सबसे ज्यादा चर्चा में बना हुआ है. आंतरायिक उपवास, एक निश्चित समय सीमा के भीतर कैलोरी की संख्या को सीमित करने की प्रक्रिया है. इस प्रक्रिया के अंतर्गत कुछ लोग पूरे 24 घंटे के उपवास का पालन करते हैं तथा अगले दिन दोगुनी कैलोरी का सेवन करते हैं. यहां तक कि ऐसे लोग भी हैं जो कई दिनों तक केवल पानी ही पीते हैं, तथापि रोजाना 16/8 घंटे का उपवास अधिक प्रचलित है. इसका अर्थ है कि 16 घंटे के लिए उपवास करना और 8 घंटे के भीतर अपनी सभी कैलोरी का सेवन करना. यह उपवास अचानक प्रारंभ न करते हुए क्रमिक आधार पर उपवास का समय बढ़ाने की सलाह दी जाती है.

जैसे-जैसे आपका शरीर उपवास की स्थिति में रहने का आदि हो जाता है, बिना खाए रहना आसान हो जाता है और आप लगभग भूल जाते हैं कि आपको भूख लगी है, इस प्रकार, सैद्धांतिक रूप में, आप समग्र रूप से महसूस करेंगे कि आप दिन के दौरान अधिक कैलोरी ले रहे हैं, लेकिन वास्तव में, आप अल्प मात्रा में खा रहे हैं और वजन कम कर रहे हैं.

नियमित डाइटिंग योजना तथा आंतरायिक उपवास के संबंध में आण्विक एवं सेलुलर एंडोक्रिनोलॉजी के तुलनात्मक अध्ययन में पाया गया है कि 10-सप्ताह के चरण के दौरान औसतन 'एक समान श्रेणी' का वजन कम हो गया था. वास्तव में 10 सप्ताह के दौरान लीन बॉडी मास और फैट लॉस की मात्रा में कोई अंतर नहीं था. ऐसे में लोग खुद को 'भूखा' क्यों रखना चाहेंगे? इसका कारण मनोवैज्ञानिक है. देखा जाए तो आप एक बार में अपनी कैलोरी का इतना बड़ा हिस्सा ले रहे हैं, ऐसा महसूस हो सकता है कि आप अपना पेट भर रहे हैं, लेकिन कैलोरी समान रहती है, इसलिए आपका वजन कम होता है.

डॉ. स्टीफन एंटोन के अनुसार "हम अभी तंत्र को समझना शुरू कर रहे हैं कि क्यों आंतरायिक उपवास फायदेमंद हो सकता है." कुल मिलाकर कोशिकाएं बेहतर प्रदर्शन करती हैं और अधिक आसानी से शरीर से अपशिष्ट को बाहर निकालने में सक्षम होती हैं. अत: शरीर को पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल रही है, ऑटोफैगी एक प्रतिक्रिया है जो शरीर के तंत्र को बढ़ावा देने की अनुमति देगी जिससे उम्र बढ़ने और बीमारी से बचाव को विकसित करने में मदद मिलेगी.

अध्ययनों ने सिद्ध किया है कि कुल मिलाकर आंतरायिक उपवास अप्रत्यक्ष रूप से मृत्यु के कई कारणों की संभावना को कम करने में मदद करेगा, जिसमें कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग शामिल हैं. यह एक साहसिक कथन है लेकिन साक्ष्य इन दावों की पुष्टि करते हैं. एक अध्ययन से पता चला है कि केवल 24 घंटों के बाद वृद्धि हार्मोन कई गुना बढ़ रहे हैं. वृद्धि हार्मोन द्वारा प्रदान किए जाने वाले कई लाभों को प्राप्त करने के लिए यह काफी बड़ी वृद्धि है .

आंतरायिक उपवास के लाभ में कुछ हैं- रक्तचाप का नियंत्रण, चर्बी घटाना, बढ़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता के कारण शरीर के निचले वसा प्रतिशत को बनाए रखने में आसानी, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, रेपामाइसिन (एमटीओआर) का यंत्रवत लक्ष्य बढ़ाने में सहायक, वृद्धि हार्मोन के स्तर में वृद्धि, बेहतर मानसिक ध्यान और उत्साह की अनुभूति आदि . इसके साथ ही कुछ दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं जैसे कमज़ोरी, चक्कर आना, मितली, अनिद्रा, सरदर्द आदि.

आंतरायिक उपवास और वसा हानि के लिए पारंपरिक परहेज़ समान प्रतीत होते हैं. साक्ष्य बताते हैं कि आंतरायिक उपवास कुछ लाभ प्रदान करता है जो पारंपरिक परहेज़ नहीं करता है, इसमें शामिल हैं: एंटी-एजिंग गुण, समग्र हार्मोनल स्वास्थ्य, साथ ही, यह आम तौर पर एक जीवन शैली है जो व्यस्त लोगों के लिए सुविधा प्रदान करती है.

इंटरमिटेंट फास्टिंग एक ऐसी चीज है जिसके संबंध में आपको स्वयं निर्णय करना होगा कि आपके लिए यह फायदेमंद है अथवा नहीं. यह कुछ लोगों के लिए अविश्वसनीय रूप से बेहतर काम करता है तथा हो सकता है कि इनकी तुलना में अन्य के लिए अधिक असरदार न हो.

मोहित सिंह ठाकुर
वित्त एवं लेखा विभाग,
केंद्रीय कार्यालय, मुंबई

'यूनियन धारा' पत्रिका का अक्टूबर-दिसंबर 2022 अंक 'परिचालन विशेषांक' पढ़ा, सर्व प्रथम आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मै पूरे संपादक मण्डल को बधाई देता हूँ. जिस विस्तार के साथ आपने इस अंक को बनाया है यह केवल पत्रिका ही नहीं ज्ञान का भंडार प्रतीत होती है. मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके बैंक द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएँ यूनियन धारा और यूनियन सृजन की प्रतियाँ हमारे कार्यालय को आपके आंचलिक कार्यालय भोपाल के माध्यम से हमेशा से ही प्राप्त होती रही हैं. संपादक मण्डल को आगे आने वाले अंकों के प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ.

संजय लांबा
मुख्य प्रबन्धक एवं सदस्य सचिव नराकास भोपाल,
अंचल कार्यालय, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

आपके बैंक की तिमाही गृहपत्रिका 'यूनियन धारा' का जुलाई-सितंबर, 2022 का अंक प्राप्त हुआ धन्यवाद. पत्रिका के कुशल एवं सफल संपादन हेतु हमारी ओर से शुभकामनाएं एवं आभार स्वीकार करें. पत्रिका की विषय वस्तु रोचक एवं ज्ञानवर्धक है. पत्रिका में जम्मू-कश्मीर, लेह की विशेषताएं, सिंधु दर्शन महोत्सव, जीवन के लिए जागरूकता जैसे आलेख पत्रिका के सार्थक उद्देश्य को दर्शाते हैं. पत्रिकाओं के सफल प्रकाशन के लिए संपादक मण्डल, सभी रचनाकारों व लेखकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

राजीव वार्ष्णेय
सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कॉर्पोरेट तिमाही गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' की अक्टूबर - दिसम्बर 2022 परिचालन विशेषांक हमें प्राप्त हुई है. बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई. परिचालन विशेषांक बहुत ही ज्ञानवर्धक है. आपके बैंक की पत्रिका ज्ञान के सभी आयामों को पोषित करती चलती है पत्रिका के सारे लेख बहुत ही उम्दा हैं, पत्रिका की साज-सज्जा बहुत ही आकर्षक और बेहतरीन है. इस अंक को प्रकाशित करने के लिए मैं 'यूनियन धारा' के संपादक मंडल एवं पूरी टीम को बधाई देता हूं और आगामी अंकों के लिए हमारी ओर से शुभकामनाएं.

एस मनोज कुमार
सहायक प्रबंधक, इंडियन बैंक

यूनियन धारा के दिसंबर -2022 अंक पढ़ने का अवसर मिला. पत्रिका अति ज्ञानवर्द्धक व विभिन्न पहलुओं को अपने अंदर समेटे है. इस पत्रिका में ग्राहक सेवा प्रबंधन के विभिन्न परिप्रेक्ष्य, डिजिटाइजेशन, केवाईसी, हिन्दी साहित्य जगत के प्रसिद्ध कवि मैथिल कोकिल विद्यापति, एटीएम व डेबिट कार्ड का भविष्य, शिकायत निवारण नीति, यूनियन बैंक के विभिन्न ऑनलाइन प्रोडक्ट्स यथा यू मोबाइल, यूवीकॉन इत्यादि पर संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित आलेख है, जिसे पढ़कर इन पहलुओं पर हमें सटीक जानकारी मिलती है. साथ ही देश भर में विस्तृत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालयों में आयोजित बैंकिंग व राजभाषा संबंधी गतिविधियों की प्रमुख तस्वीरें (कैप्शन सहित) इस पत्रिका को और अधिक आकर्षक बनाती है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एकमात्र द्विभाषिक पत्रिका "यूनियन धारा" निश्चित रूप से स्वयं में परिपूर्ण है. यह पत्रिका विभिन्न महत्त्वपूर्ण आलेखों, सुंदर तस्वीरों, आकर्षक प्राकृतिक दृश्यों के साथ रंग-बिरंगी एवं सजीव जान पड़ती है. सुंदर पत्रिका प्रकाशित करने के लिए "यूनियन धारा टीम" को हार्दिक बधाई व इसके अगले अंक के लिए आप सभी को शुभकामनाएँ.

श्री जितेंद्र कुमार सिंह
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबन्धक, समस्तीपुर

यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की केंद्रीय कार्यालय से प्रकाशित यूनियन-धारा के नवीनतम अंक के प्रकाशन हेतु बैंक की यूनियन धारा- टीम को बहुत-बहुत बधाई. पत्रिका के कवर ने ही मन को आकृष्ट कर लिया है. और बैंकिंग परिचालन के लगभग सभी गतिविधियों की झलक एक-संग आमुख पृष्ठ पर देखने को मिल गई है. परिचालन विशेषांक के लेख बड़े ही संजीदगी एवं गंभीरता से लिखे गए हैं. इन विषयों को केवल बैंकर्स तक सीमित न रखकर आम जनता तक भी पहुँचाना लाभकारी सिद्ध होगा चूँकि यह उन्हें बैंकिंग परिचालन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएगा. परिचालन गतिविधियों, भविष्य की शाखा बैंकिंग, शिकायत निवारण के विभिन्न पहलुओं आसबा आदि विषय तात्कालिक परिदृश्य से हमें साझा कराते हैं. बैंक की विभिन्न गतिविधियाँ चित्र एवं समाचार के माध्यम से हमें देखने को मिलीं. संपादकीय टीम को उत्कृष्ट पत्रिका प्रकाशित करने हेतु पुनः बधाईयाँ.

रंजय कुमार मिश्रा
मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज़ बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय, कोटी, हैदराबाद

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की पत्रिका यूनियन धारा का अक्तूबर-दिसंबर, 2022 विशेषांक पढ़ा जो परिचालन पर केंद्रित है. सीकेवाईसी और वीडियो केवाईसी का महत्व, अच्छी ग्राहक सेवा जैसे आमजन के लिए उपयोगी सामग्री के साथ-साथ रुचिकर गद्य और पद्य रचनाएं, राजभाषा पुरस्कार व गतिविधियां, कुल मिलाकर पत्रिका में हिंदी भाषा, पाठकों की अभिरुचि और ज्ञानवर्धन, सभी बातों का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है. पत्रिका का कलेवर भी आकर्षक बन पड़ा है. कुल मिलाकर सहेज कर रखने लायक अंक.

दिव्येंदु बिद्यांत
स्थानापन्न महाप्रबंधक (मानव संसाधन), बीईएल कार्पोरेट कार्यालय, बेंगलूरु



अंडमान निकोबार द्वीपसमूह
छायाचित्र - श्री नवनीत कुमार,
अंचल प्रमुख, विजयवाड़ा

Union Dhara, R.N.27989/76

Printed and Published by Gayathri Ravi Kiran on behalf of Union Bank of India, Printed at Uchitha Graphic Printers Pvt. Ltd., 65, Ideal Ind. Estate, Mathuradas Mill Compound, S. B. Marg, Lower Parel, Mumbai - 400 013, and Published from Union Bank of India, 239, Union Bank Bhawan, Vidhan Bhawan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021. Editor - Gayathri Ravi Kiran.